संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

27 फरवरी 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 150

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### झारखंड में मौसम साफ होते ही बढ़ने लगा तापमान, बढ़ेगी गर्मी

**रांची ।** रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से वृद्धि होने लगी। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी में आंशिक वृद्धि होने लगी है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है।

# तेहेञ खो़न भगवान जगन्नाथ होय आकानाय जमशेदपुर बिहारी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## भगवान जगन्नाथ उसा़राते बाय हिजुक् काना, उनीय हिजुक् दो़ तां़गीय होयोक् काना



खोबोरिया

**जमशेदपुर।** श्री श्री जगन्नाथ मुंदिल रेयाक् जमशेदपुर रे स्थापना रेयाक् नोआ सा़ही सो़मो़य काना। भगवान जगन्नाथ उसा़राते बाय हिजुक् काना, उनीय हिजुक् दो़ तां़गीय होयोक् काना। तेहेञ खो़न भगवान जगन्नाथ दो़ जमशेदपुर बिहारीए होय आकाना। नोआ काथा दो़ भारत रेन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गे लुखीवार हिलोक् कदमा रे मेनाक् मरीन ड्राइव रे श्री श्री जगन्नाथ मुंदिल आर जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केंद्र रेयाक् आधारशिला दो़हो़य रेयाक् ओ़पसो़र रेय मेन केदा। भूमि पुजा़ तायो़म ओराम सभा रे गालमारावाको तुलुच् उनी दो़ भावनात्मक अंदाज रेय मेन केदा जे तेहेञ खो़न भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारीय होय आकाना। राष्ट्रपति दो़ रांची रे बांधाव जगन्नाथ मुंदिल रेयाक् ला़ई तुलुच्ए मेन केदा जे ओण्डे मुंदिल बेनाव तायो़म भगवान निड़ाचढ़ बिहारी मेतावादेया आर नित झारखंड रे फायलाव तेको पुजा़येत् काना। जमशेदपुर रे मुंदिल बेनाव सा़वते उनीयाक् दाया नोआ सो़हो़र रे हों जा़ड़ीक्‌आ। उनी दो़य बिसवा़से सो़दो़र केदा जे नोआ आध्यात्मिक आर धर्मार्थ केंद्र गेबाङ एकेन धो़रो़म तेयाक् पा़तियाउ केंद्र बेनाक्‌आ, बो़रो़ङ सोमाज सेवा आर सांस्कृतिक चेतना रेयाक् हों जा़रूड़ान ठां़व सा़बितो़क्‌आ। नोआ लाहा कदमा मरीन ड्राइव रे मेनाक् का़मीहो़रा ठां़व रे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूय सेटेरेन सां़वते पुरा़ छाटका रे कुसी रेयाक् माहौल बेनाव एना। वैदिक मंत्रोच्चार आर विधि विधान ताला भूमि पुजा़ होय सा़त एना आर मुंदिल बेनाव रेयाक् औपचारिक एतो़हो़प् एना।

## सामाजिक समरसता आर आध्यात्मिक चेतना केंद्र बेनाक्‌आ श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र : सिरा़मंत्री



**पूर्वी सिंहभूम।** आदो़माक् संस्था दो़ एकेन भवन मो़तो़ दो़ बाङ काना, ओना दो़ आपनार सां़व ते मानवी जियोने सेंदरायेत्‌कोआ। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक आर सांस्कृतिक केंद्र बेनाव ला़गित् तेको रेहेत् काना, नोआ दो़ दारायकान दिन रे सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना आरसांस्कृतिक जागरण रेयाक् माराङ केंद्र बेनाक्‌आ। नोआ काथा दो़ सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ कदमा रे मेनाक् मरीन ड्राइव छाटका रे ओरामेन श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक आर सांस्कृतिक केंद रेयाक् जायगा पुजा़ सेमेलेत् रे ला़ई तुलुच्ए मेन केदा। सिरा़मंत्री दो़ नोआका़मी सामाजिक, आध्यात्मिक आर सांस्कृतिक समन्वयकोवाक् जिवा़त् केंद्र ला़ई तुलुच् नोआ दो़ पो़नो़त ला़गित् ते आ़डी रा़सका़ आर सारहावान का़मीये मेतावादा। का़मीहो़रा रे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूदो़ शिलापट्ट उढा़उ कातेत् केंद्र रेयाक् आधारशिला रेहेत् केदा। सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जे सोमाज रे बेनाक्‌कान संस्था दो़ एकेन स्ट्रक्चर मो़तो़ दो़ बाङ, बिचको़म ओना दो़ हुदिस, बेवहार आर आ़रीचा़ली लाहाय ला़गित् ते माध्यमे बेनावेत् काना। सिरा़मंत्री दो़ मानो़तान जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्टाक् हुदिस आर टारगेट सारहाव तुलुच् आसे दो़हो़ केदा जे नोआ केंद्र दो़ मित्‌टेन पा़हिल रे बाङ होय आकाना आर माराङ रूप रेबेनाक्‌आ। उनी दो़ जो़तो़ जो़ड़ावान हो़ड़ दो़ सारहावको तुलुच्ए मेनकेदा जे नोअ दो़ पा़हिल पो़नो़त रेयाक् सांस्कृतिक उपरो़म दो़ आर गेय केटेजा।

## संक्षिप्त खबरें

### मुश्किल में अविमुक्तेश्वरानंद, नाबालिग बटुकों की मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि

**प्रयागराज ।** नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। बुधवार को यूपी पुलिस ने दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था। मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। वहीं मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज हुई है।उधर गिरफ्तारी की आशंका के बीच अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

### 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा वॉट्सएप

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि सिम बाइंडिंग के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत फोन में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉग-आउट हो जाएगा। जब आप किसी एप को सिम बाइंडिंग से जोड़ते हैं, तो वह एप तभी खुलेगा जब आपका रजिस्टर्ड सिम कार्ड उसी फोन के अंदर मौजूद होगा। यह नियम 1 मार्च 2026 से प्रभावी होगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि फिलहाल नियमों को मानने की समय-सीमा आगे बढ़ाने पर कोई विचार नहीं है।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार अध्याय मामला

## यह न्यायपालिका पर पहली गोली चलाने जैसा, पुस्तक बैन : सीजेआई

### एनसीईआरटी का माफीनामा स्वीकार नहीं, मिलेगी सख्त सजा



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी अध्याय को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एनसीईआरटी के इस कदम की कड़ी आलोचना की और कहा, कि यह न्यायपालिका पर पहली गोली चलाने जैसा है। मीडिया की सूर्खी बने इस मामले को लेकर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, मीडिया में आज न्यायपालिका रक्तरंजित नजर आ रही है, जो बेहद गंभीर चिंता का विषय है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल करते हुए कहा, जब किताब बाजार और सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, तब बाद में इस प्रकाशन को वापस लेना किस प्रकार प्रभावी होगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, कि जब शिक्षकों और छात्रों को यह सिखाया जाएगा कि न्यायपालिका भ्रष्ट है, तो इससे समाज में भ्रम की स्थिति बनेगी और गलत संदेश जाएगा। मामले की सुनवाई कर रही बेंच में सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल मनुभाई पंचोली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ कहा, कि मामले की गहन जांच होगी और जब तक पूरी तरह जवाबदेही तय नहीं हो जाती, तब तक कार्यवाही बंद नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अदालत यह जानना चाहती है, कि इस अध्याय को पाठ्यपुस्तक में शामिल करने के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है, इसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा, कि जब तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आ जाती, तब तक अदालत इस मामले को बंद नहीं करेगी।

बहरहाल अब इस मामले की सुनवाई होली के बाद 11 मार्च को होना तय की गई है। खास बात यह रही कि अदालत ने माफीनामा स्वीकार नहीं किया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया।


### धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक में आपत्तिजनक उल्लेख पर खेद जताया



**पूर्वी सिंहभूम ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी की एक पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका से जुड़े कथित आपत्तिजनक उल्लेख पर खेद व्यक्त किया है। गुरुवार को जमशेदपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को केंद्र सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है और संबंधित पुस्तक की अब तक छपी सभी प्रतियों को तत्काल प्रभाव से वापस मंगाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि न्यायपालिका भारतीय लोकतंत्र का एक मजबूत और स्वतंत्र स्तंभ है, जिसकी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करती है और उनके प्रति किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या असंतुलित टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने माना कि पुस्तक में प्रकाशित सामग्री से अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि जैसे ही इस विषय की जानकारी मंत्रालय को मिली, तत्काल संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की गई।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी होगी : वैष्णव



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को उनके द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि बच्चों और सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना अब प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है।

मंत्री वैष्णव ने गुरुवार को यहां डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) के कॉन्क्लेव में अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि प्लेटफॉर्म्स को ÷जागने÷ और समाज की बुनियादी जरूरतों का सम्मान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की प्रकृति अब पूरी तरह बदल चुकी है और अब प्लेटफॉर्म्स केवल माध्यम नहीं, बल्कि प्रभावशाली मीडिया संस्थान बन चुके हैं।

उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म्स को अपने यहां होस्ट किए जा रहे कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी ही होगी। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और सभी नागरिकों की सुरक्षा प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है।÷

मंत्री ने आगाह किया कि यदि इन सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया तो प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले के समय में प्लेटफॉर्म्स खुद को केवल इंटरमीडियरी बताते थे, लेकिन अब वे व्यापक प्रभाव वाले कंटेंट होस्ट बन चुके हैं।

## चुनावी खर्च की सीमा तय हो : सुप्रीम कोर्ट

### केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** चुनाव खर्च की सीमा तय करने की मांग वाली याचिका पर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह जनहित याचिका गैर सरकारी संगठन कॉमन कॉज की ओर से दायर की गई है, जिसमें चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा धनबल के बेलगाम इस्तेमाल को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को छह हफ्ते सुनवाई का निर्देश दिया है और संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा धनबल का अनियंत्रित इस्तेमाल लोकतंत्र की बुनियाद को प्रभावित करता है और चुनावी प्रक्रिया को असंतुलित करता है।उन्होंने अदालत को याद दिलाया कि इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले ही यह मान चुका है कि अनियंत्रित धनबल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को विकृत करता है और मतदाताओं के सूचना के अधिकार को प्रभावित करता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉय माल्या बागची ने धनबल के दुरुपयोग को रोकने से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में भी चुनावी खर्च की सीमाएं मौजूद हैं, लेकिन वहां भी खर्च को उम्मीदवारों के मित्रों, सहयोगियों या तीसरे पक्षों के माध्यम से किया जाने जैसी समस्याएं सामने आती रही हैं।

## आदिवासी जमीन के अवैध हस्तांतरण पर मंत्री को कांग्रेस विधायकों ने घेरा

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आदिवासी प्रकृति की जमीन के अवैध हस्तांतरण की ध्यानाकर्षण सूचना देते हुए डेमोग्राफी बदलाव व राजनीतिक समाजिक प्रभावों पर सवाल पूछा गया। कांग्रेसी विधायकों ने अवैध हस्तांतरित भूमि पर नक्शा पास होने का मुद्दा उठाया तो मंत्री सुदव्य कुमार को कहना पड़ा कि सदन सारी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। अलग-अलग विभाग के मंत्री ही अपने विभाग का जवाब दे सकते हैं, इसलिए सदस्य वस्तुनिष्ठ सवाल पूछें। नमन ने राजस्व विभाग से जुड़े ध्यानाकर्षण में पूरक सवाल पूछा कि बगैर नक्शा के घर बनाए जा रहे हैं। बिजली, पानी का कनेक्शन ले रहे हैं।इस पर रोक से भी अवैध हस्तांतरण रुकेगा।राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि अवैध हस्तांतरण के कारण समाजिक परिदृश्य बदल रहा, यह सच है। लेकिन सीएनटी एक्ट के दायरे में ही विभाग काम करता है। अलग से राजस्व विभाग के पास कोई व्यवस्था नहीं है कि नए सिरे से कानून बनाकर काम करे।दीपक बिरूआ ने कहा कि 2012 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद विभाग ने आदेश जारी किया था कि किसी आदिवासी जमीन की बिक्री या विक्रय नहीं होने दिया जाए। अगर ऐसा होता है तो 71ए के तहत उनकी जमीन वापसी की कार्रवाई की जाए। राजस्व विभाग इससे इतर काम नहीं कर सकता। अवैध हस्तांतरण पर विधायक और मंत्री के जवाब मंत्री के जवाब पर कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के उल्लंघन करने वाले और अवैध तरीके से वास करने वाले दोषी हैं। बिजली या पानी कनेक्शन आदिवासियों से अवैध हस्तांतरित जमीन पर कैसे मिल रहा।सरकार के ही विभाग क्यों नहीं देखते कि जो कनेक्शन दिया जा रहा है, वह मूल रैयत का है।या अन्य लोगों के नाम पर है। अवैध हस्तांतरित जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती, तो नक्शा कैसे बना। सरकार ने अगर कनेक्शन नहीं दिया तो अवैध है। राजेश कच्छप ने कहा कि रांची के हेहल में 40 साल से लोग रह रहे थे, वह निर्दोष हो सकते हैं, दखल दिहानी का आदेश मिला, इसके बाद भी बड़ी कठिनाई से दखल हुआ। सरकार को रास्ता निकालना चाहिए।

### ओबीसी छात्रवृत्ति मामले में सदन में तीखी नोक झोंक






**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन गुरूवार को छात्रवृत्ति, जमीन हस्तांतरण और औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों पर सदन में तीखी नोकझोंक और हंगामे के बीच कार्यवाही जारी रही। डुमरी विधायक जयराम महतो ने ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति का मामला सदन में जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि अब तक छात्रवृत्ति की राशि जारी नहीं होने से हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि आखिर छात्रों को उनकी बकाया राशि कब तक मिलेगी। यह केवल आर्थिक मामला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। जवाब में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बताया कि केंद्र सरकार से केंद्रांश की राशि प्राप्त नहीं होने के कारण राज्यांश जारी नहीं किया जा सका है।

### करोड़ों की लागत से बना रोपवे और तारामंडल को शीघ्र चालू किया जाए : सुरेश पासवान



देवघर के विधायक सुरेश पासवान ने गुरुवार को विधानसभा में देवघर के पास त्रिकुट पर्वत पर वर्षों से बंद रोपवे का मामला उठाया। उन्होंने कहा की इस परियोजना पर राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए लेकिन इसका लाभ पर्यटकों को नहीं मिल रहा है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों में निराशा व्याप्त हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की इस रोपवे को जल्द से जल्द चालू किया जाएं ताकि इससे होने वाले राजस्व की छति को रोका जा सके। उन्होंने कहा की देवघर में लाखों की लागत से तारामंडल बनकर तैयार है लेकिन वह भी बंद पड़ा हुआ है देवघर एक अंतरराष्ट्रीय तीर्थस्थल है, यहा देश-विदेश के लाखों पर्यटक आते हैं लेकिन पर्यटकों के मनोरंजन के लिए यहां कोई विशेष सुविधा उपल्बध नहीं है, सरकार इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करें।

### सारठ विधायक ने की नाला विधानसभा क्षेत्र में मत्स्य महाविद्यालय की मांग



नाला विधानसभा क्षेत्र में मत्स्य महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर सदन में मामला उठा। सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने क्षेत्र में मत्स्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी और मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। जवाब में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट किया कि फिलहाल नाला में मत्स्य महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। हालांकि, मंत्री ने यह भी कहा कि यदि नाला में मत्स्य भवन स्थापित किया जाता है, तो वहां प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने की संभावना पर विचार किया जा सकता है। सरकार के इस जवाब के बाद स्पष्ट हो गया है कि नाला में मत्स्य महाविद्यालय की मांग पर अभी तत्काल कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन भविष्य में आधारभूत ढांचा तैयार होने की स्थिति में प्रशिक्षण सुविधा शुरू की जा सकती है।

### ट्राइबल सब प्लान फंड पर बनेगा गाइडलाइन : चमरा लिंडा

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में टीएसपी (ट्राइबल सब प्लान) फंड के विचलन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। राजेश कच्छप ने सदन में सरकार से सीधा सवाल किया कि क्या राज्य सरकार अपने बजट से टीएसपी मद में राशि उपलब्ध करा रही है? उन्होंने यह भी पूछा कि टीएसपी फंड के विचलन के मामलों को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है और अब तक इस पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनी। जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने बताया कि केंद्र सरकार से टीएसपी फंड राज्य को आदिवासी आबादी के अनुपात के आधार पर प्राप्त होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि राज्य में टीएसपी फंड के विचलन को लेकर अब तक कोई स्पष्ट गाइडलाइन तैयार नहीं की गई है। मंत्री लिंडा ने कहा कि इस समस्या का समाधान निकालना आवश्यक है और इसके लिए गाइडलाइन बनाना जरूरी है। सरकार इस दिशा में काम करेगी।

### 'महिला किसान खुशहाली योजना' शुरू करेगी सरकार : कृषि मंत्री

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सदन में विभाग का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए योजनाओं की प्रगति और भविष्य की रणनीति भी साझा की। मंत्री ने घोषणा की कि जल्द ही 'महिला किसान खुशहाली योजना' शुरू की जाएगी। हर विधानसभा क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना, दलहन मिशन और मखाना विकास योजना भी शुरू की जाएगी। मंत्री ने बताया कि विभाग ने अब तक राज्य मद का 65 प्रतिशत और केंद्र से प्राप्त बजट का 67 प्रतिशत व्यय कर लिया है। मार्च तक यह खर्च 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। मिलेट मिशन के तहत 21,800 किसानों को लगभग 10 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दिए गए हैं।

## दो यात्री बसों की आमने-सामने की टक्कर में आधा दर्जन यात्री घायल



**बोआरीजोर ।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसभीठा के समीप गुरुवार की सुबह दो यात्री बसों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि सोनू-मोनू नामक यात्री बस बरहरवा से गोड्डा की ओर आ रही थी, जबकि पप्पू बस रांची से बोरिया की दिशा में जा रही थी। बांसभीठा स्थित मोड़ के पास दोनों बसें अचानक आमने-सामने टकरा गईं। बताया जाता है कि मोड़ संकरा होने तथा तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके, जिससे यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बसों में बैठे यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई और कई लोग सीट से गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बसों से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर बोआरीजोर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल बोआरीजोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस संबंध में बोआरीजोर थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव ने बताया कि दो यात्री बसों के बीच आमने-सामने टक्कर की घटना हुई है, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।

## जामताड़ा :नगर निकाय चुनाव में वोटो की गिनती आज सुबह 8 बजे से शुरू होगी

**जामताड़ा।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के तहत 27 फरवरी को प्रातः 8 बजे से न्यू पॉलीटेक्निक कॉलेज, पाथरचपड़ा स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र में मतों की गिनती की जाएगी। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने गुरुवार को वरीय अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना कक्षों में टेबल, कुर्सी, प्रकाश, पंखा, कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और सीसीटीवी निगरानी की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी उपकरण निर्बाध रूप से कार्य करें, ताकि गिनती प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। परिसर में मीडिया सेंटर, मेडिकल टीम, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।मिहिजाम नगर परिषद के 39 मतदान केंद्रों के लिए 20 टेबल तथा जामताड़ा नगर पंचायत के 28 मतदान केंद्रों के लिए 14 टेबल निर्धारित किए गए हैं। मतगणना पर्यवेक्षकों एवं सहायकों का रेंडमाइजेशन 27 फरवरी को सुबह 5 बजे एनआईसी जामताड़ा में किया जाएगा।

## खुटहरी में भागवत कथा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड क्षेत्र के जीवन खुटहरी झिल्ली गांव में भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ को ले कथा मंडप परिसर से कलश शोभायात्रा निकाली गई।रथ, झंडा, बैनर, ढोल, बाजे, पंडित, पुरोहित, यजमान, भावी मुखिया प्रत्याशी और 2001 कलश यात्रियों के साथ भव्य निकाली गई कलश शोभायात्रा। कथा मंडप परिसर से कलश शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जीवन खुटहरी झिल्ली, मानिकपुर, भगैया मार्ग, ककरघट मार्ग होते हुए खंधार छठ घाट तालाब में जल भरने के बाद वापस कलश यात्रा जीवन खुटहरी झिल्ली स्थित कथा मंडप के निकट पहुंची। वहां विधिवत कलश की पूजा पाठ करने के बाद कलश स्थापना की गई।भजन, कीर्तन और आरती का गायन किया गया।कलश यात्री और श्रद्धालुओं के बीच सामूहिक रूप से प्रसाद वितरित किया गया। संध्या के समय बिहार राज्य से कृपा कर पधारे कथावाचक परम पूज्य मनी प्रकाश जी महाराज द्वारा भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ किया गया। इलाके के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने भागवत कथा रूपी अमृत पान किया।

## छत से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत

**गोड्डा ।** नगर थाना में कार्यरत सहायक अवर निरीक्षक अशोक यादव की थाना भवन की ऊपरी तल छत से लघुशंका करने जाने के समय गिर जाने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया।भागलपुर स्थित मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मी पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मृतक सहायक अवर निरीक्षक बिहार के आरा जिले के निवासी थे। वहीं खबर लिखे जाने तक शव गोड्डा नहीं पहुंचा था, बताया गया कि उनके शव? का पोस्टमार्टम होने के बाद गोड्डा पुलिस लाइन लाया जाएगा। जहां पुलिस विभाग के वरिय अधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। अचानक हुई इस घटना से पुलिस महकमे में मातम का माहौल बना हुआ है।

## नाला के पलास्थली में बंद कोयला खदान में हादसे की चर्चा

**नाला (जामताड़ा)।** नाला थाना क्षेत्र के पूर्वांचल स्थित पलास्थली ईसीएल के बंद पड़े कोयला खदान में हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, खदान में कथित रूप से अवैध तरीके से खुदाई कर रहे कई लोग अचानक चाल धंसने से मलबे में दब गए थे।घटना की ख बर मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मलबे में दबे लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार घटना गुरुवार अहले सुबह की है। बताया जा रहा है कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं तथा सभी घायल पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे गांवों के निवासी हैं।हालांकि, पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन ने ऐसी किसी घटना से इंकार किया है। मौके पर न तो कोई आधिकारिक बचाव दल नजर आया और न ही घायल या उनके परिजन मौजूद मिले। स्थानीय लोग भी इसे पश्चिम बंगाल से जुड़ा मामला बताकर स्पष्ट जानकारी देने से बचते रहे।इस संबंध में राजीव रंजन कुमार, थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा छानबीन शुरू कर दी गई है। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी प्रकार के हादसे में घायल व्यक्ति या उनके परिजन पुलिस के समक्ष नहीं पहुंचे हैं।

# प्रशासन नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है : डीसी

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय एनसीओआरडी नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार, तस्करी एवं दुरुपयोग की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन, पुलिस एवं समाज के सभी वर्गों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाने, विद्यालयों एवं



महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना त्वरित रूप से साझा करने के लिए समन्वय तंत्र को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। संबंधित विभागों को नियमित निगरानी एवं अंतर-विभागीय समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है तथा समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु हर संभव कदम उठाए जाएंगे।पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियानों, छापामारी कार्रवाई एवं दर्ज मामलों की जानकारी प्रस्तुत की।

### होली पर्व के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों पर बरती जाए विशेष सतर्कता : डीसी

**गोड्डा ।** आगामी होली पर्व के मद्देनज़र जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि होली पर्व के दौरान सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने निर्देशित किया कि सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए तथा गश्ती दलों को सक्रिय रखा जाए। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## पाकुड़ में बंधुआ विहार पार्ट -2 की शूटिंग, स्थानीय कलाकारों को मिला मंच

संताल एक्सप्रेस

**पाकुड़।** शहर में वेब सीरीज बंधुआ विहार पार्ट 2 की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। सरला कॉलोनी निवासी युवा निर्देशक अंकित आनंद के निर्देशन में बन रही इस सीरीज की शूटिंग शहर के कई प्रमुख लोकेशनों पर की जा रही है। पहले भाग की सफलता के बाद इस बार प्रोडक्शन का स्तर और भी बड़ा रखा गया है। सीरीज का उद्देश्य पाकुड़ की प्राकृतिक सुंदरता, सामाजिक परिवेश और यहां की प्रतिभा को देश-दुनिया के सामने लाना है। इसमें दिल्ली, नोएडा और वाराणसी के कलाकारों के साथ-साथ पाकुड़ के स्थानीय कलाकार अर्घो, कुसुम, निशा, लक्ष्मी, प्रीति और आकाश अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। मुख्य भूमिकाओं में पाकुड़ की दिशा कुमारी के साथ दिल्ली के कुशाल तिवारी और सुमित



सिंह अभिनय करते दिखेंगे।सीरीज के निर्देशक अंकित आनंद हैं, जबकि निर्माता तरुण अरोड़ा हैं। प्रोडक्शन मैनेजर दिशा, डीओपी जितेंद्र और मुन्ना हैं। निर्माण टीम के अनुसार, वेब सीरीज जल्द ही यूट्यूब और प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। स्थानीय कलाकारों को मिल रहे इस बड़े अवसर से शहर के कला प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह है। यह प्रोजेक्ट पाकुड़ की पहचान को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## जेरुआ में 251 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

संताल एक्सप्रेस

**जेरुआ ।** 26 फरवरी को जेरुआ गाँव में भक्ति और उत्साह का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। अवसर था नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का, जिसकी शुरुआत हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भव्य कलश यात्रा के साथ हुई।251 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्राअनुष्ठान के पहले दिन गाँव की महिलाओं और कन्याओं द्वारा 251 कलश उठाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र जय श्री राम और वीर हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस यात्रा में 11 मुख्य कलश विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में श्री मंटू पंडित एवं शांति देवी तथा श्री प्रभुदयाल पण्डित एवं प्रेमावाला देवी ने विधि-विधान से पूजन संपन्न किया।महंत



जी के मार्गदर्शन में धार्मिक कार्यक्रमयह समस्त आयोजन स्थानीय ठाकुरबाड़ी के महंत जी महाराज के कुशल निर्देशानुसार संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है-26 फरवरी- कथा प्रवक्ता कौशल जी महाराज एवं दिनेश जी महाराज, मिथलेश जी महाराज द्वारा संगीतमय कथा का वाचन।27 फरवरी- कौशल जी महाराज और दिनेश जी महाराज, मिथलेश जी महाराज की कथा के साथ-साथ रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।28 फरवरी- अनुष्ठान का समापन एवं विशाल प्रसाद (भंडारा) वितरण।इनका रहा विशेष सहयोगइस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए गाँव की आयोजन समिति दिन-रात जुटी हुई है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र मंडल, जिला परिषद भावी प्रत्याशी विक्की मंडल,निवास पंडित, सरोज पंडित, संतोष यादव, सुबोध पंडित, प्रभु पंडित, लखीराम पंडित, काजल दत्ता, मनोज पंडित, सागर यादव, शंभू पंडित, जलधर पंडित, सुभाष पंडित, रामप्रकाश पंडित, गुनाधर पंडित, दिवाकर पंडित, जियाराम पंडित, किंकर पंडित और राजेन्द्र पंडित ने व्यवस्थाओं को संभालने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।गाँव में इस धार्मिक उत्सव को लेकर भारी उत्साह है और आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुँच रहे हैं।हमारे ग्राम पंचायत के मुखिया जिनका विशेष सहयोग रहा - बलदेव मरांडी, एवं समिति के सदस्य - सुरेंद्र सोरेन

## जामताड़ा में बेकाबू थार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** दुमका रोड पर उदलबनी गांव के समीप गुरुवार को तेज रफ्तार ने एक और दर्दनाक हादसे को जन्म दे दिया। देवघर की ओर से आ रही अनियंत्रित थार ने सामने चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर तक घिसट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।चश्मदीदों के अनुसार वाहन की गति अत्यधिक थी। आशंका है कि तेज रफ्तार के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे बाइक में जा भिड़ा। बताया जा रहा है कि थार सवार लोग जामताड़ा में अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे।हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक की हालत देखकर लोगों में नाराजगी देखी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, भीड़ को शांत कराया और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि चालक नशे में था या ओवरस्पीडिंग ही दुर्घटना का कारण बनी। यह घटना सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की सख्त जरूरत की याद दिलाती है।

## कृष्णानगर में दोपहरिया आग से हड़कंप, बिचाली जलकर खाक



**मिहिजाम।** गुरुवार दोपहर मिहिजाम के वार्ड संख्या 1 स्थित कृष्णानगर मोहल्ले में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग शंकर यादव के आवास में भड़की, जिससे हजारों रुपये के संपत्ति का नुकसान हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, करीब 2:30 बजे घर के एक हिस्से में मवेशियों के लिए रखी बिचाली में चिंगारी सुलगी और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। सूखे चारे ने आग को तेजी से फैलने का मौका दिया। शोर सुनते ही आसपास के लोग बाल्टी और पानी के पाइप लेकर मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास शुरू किया।सूचना मिलते ही मिहिजाम पुलिस पहुंची तथा हालात का जायजा लिया। बाद में चित्तरंजन अग्निशमन की दमकल गाड़ी ने आग पर पूरी तरह काबू पाया।समय रहते नियंत्रण होने से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि चारा पूरी तरह जल गया। आग के कारणों की जांच जारी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

## सीएलडब्ल्यू में कर्मचारियों की आवाज बुलंद, महाप्रबंधक को सौंपा मांगपत्र

**चित्तरंजन।** सीएलडब्ल्यू में लंबित समस्याओं और कर्मचारियों से जुड़े अहम मुद्दों को लेकर चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस ने महाप्रबंधक के समक्ष विस्तृत मांगपत्र प्रस्तुत किया। यूनियन के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रेलकर्मियों के समर्पण और कठिन परिश्रम से सीएलडब्ल्यू ने इंजन निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लेकिन कर्मचारियों से संबंधित कई आवश्यक मांगें अब तक अधूरी हैं।संगठन ने स्पष्ट किया कि उत्पादन इकाई को मरम्मत (पीओएच) कार्यों में उलझाने के बजाय नए लोको निर्माण पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही रिक्त पदों को शीघ्र भरने, कार्यशाला में पुनः तीन पालियों में काम शुरू करने और मौजूदा प्रोत्साहन योजना में बदलाव कर ग्रुप इंसेंटिव स्कीम लागू करने की मांग रखी गई। ओवरटाइम भुगतान पर लगी अधिकतम सीमा हटाने और पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया बहाल करने पर भी जोर दिया गया।इसके अतिरिक्त बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, केजी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, टाउनशिप में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी व्यवस्था, जर्जर रेलवे क्वार्टरों की मरम्मत तथा डानकुनी इकाई के कर्मचारियों को समान भत्ता व प्रोत्साहन देने की मांग उठाई गई। यूनियन ने भरोसा जताया कि प्रशासन इन मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

## चित्तरंजन में 'फुटबॉल फॉर स्कूल' का तीसरा चरण संपन्न



**चित्तरंजन।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, चित्तरंजन में गुरुवार को 'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम के तहत फुटबॉल वितरण के तीसरे चरण का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन तथा स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित है।समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मण चंद्र घोरुई रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चिरेका फुटबॉलर जयंत नाग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स के शानदार गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।विद्यालय की प्राचार्या टेक धारनी ने अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस चरण में करीब 100 विद्यालयों को फुटबॉल उपलब्ध कराए गए, जिससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने खेलों को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रिया नंदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुदेशना कर सरखेल ने प्रस्तुत किया।


## मतगणना के मद्देनजर गोड्डा- भागलपुर मुख्य मार्ग का किया गया परिवर्तन

**गोड्डा ।** नगरपालिका आम चुनाव- 2026 को लेकर मतगणना केन्द्र, मोतिया ओपी अन्तर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रस्तावित है। मतगणना के दिन उक्त मुख्य मार्ग पर कार्यकर्ताओं, उम्मीदवारों एवं मतगणना कर्मियों की काफी भीड़ होने की संभावना है। उक्त दिन गोड्डा- भागलपुर मुख्य मार्ग में यातायात व्यवस्था बाधित होने की प्रबल संभावना है और विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए गोड्डा- भागलपुर मुख्य मार्ग का पॉलिटेक्निक कॉलेज से पूर्व आईटीआई के पास अडाणी मोड से बॉये मुड़कर मोतिया ओपी होते हुए ग्राम मोतिया से होकर डुमरिया मोड़ पर गोड्डा-भागलपुर मुख्य मार्ग में निकास द्वार की गई है साथ ही गोड्डा-भागलपुर मुख्य मार्ग का रूट डायवर्ट (मार्ग परिवर्तन) पॉलिटेक्निक कॉलेज से पूर्व आई0टी0आई0 मोड़ के पास अडाणी मोड़ से बाँये मुड़कर मोतिया ओपी होते हुए ग्राम मोतिया से होकर डुमरिया मोड पर गोड्डा-भागलपुर मुख्य मार्ग में निकास किया गया है। जिले वासियों से अनुरोध है कि दिनांक 27.02.2026 को गोड्डा- भागलपुर मुख्य मार्ग परिवर्तन का अनुपालन करें।

## करमाटांड में प्रखंड विकास पदाधिकारी से आंगनबाड़ी सेविका पति ने किया हाथापाई

**करमाटांड़ ।** योजना निरीक्षण में गए अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पर आंगनबाड़ी सेविका पति ने किया हाथापाई। साथ ही जाति सूचक शब्द कहने एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का भी काम किया। गुरुवार सुबह 10-00 बजे अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चोनाराम हेंब्रम एवं कनीय अभियंता जमील अंसारी सीताकाटा पंचायत स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र सीताकाटा-1 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत आबद्ध अनुदान मद के तहत् पेयजलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का जाँच करने गया था। इसी दौरान आँगनबाड़ी केन्द्र सीताकाटा-1 सेविका भरती देवी के पति वासुदेव मंडल ने अंचल अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई किया ।जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया साथ ही सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का भी काम किया ।इस मामले को लेकर स्थानीय थाना को सूचित किया गया।घटना की खबर सुनते ही थाना के एएसआई आलम अंसारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस की खबर सुनते ही वासुदेव मंडल भाग खड़े हुए।अंचल अधिकारी ने इस मामले को लेकर स्थानीय थाना में आवेदन दिया।

## सीएलडब्ल्यू में प्रबंधन-श्रमिक संवाद उत्पादन और सुविधाओं पर गहन चर्चा



**चित्तरंजन।** सीएलडब्ल्यू में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक मोहित चंद्रा से मुलाकात कर संस्थान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। वार्ता का मुख्य फोकस उत्पादन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, कार्य विभाजन की स्पष्ट रूपरेखा तय करने और कर्मचारियों के हितों को मजबूत करने पर रहा।संघ के महासचिव राजीव कुमार गुप्ता ने आशंका जताई कि लोको वर्कशॉप में पीओएच कार्य शुरू होने से नियमित निर्माण कार्य की गति प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि पीओएच के लिए अलग तंत्र विकसित किया जाए, ताकि उत्पादन लक्ष्य सुरक्षित रहें। साथ ही वास्तविक मानव संसाधन के आधार पर व्यवहारिक लक्ष्य तय करने और जरूरत पड़ने पर रेलवे बोर्ड से संशोधन कराने की मांग रखी गई।स्टील फाउंड्री के बेहतर उपयोग, नई नियुक्तियों और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने का मुद्दा भी उठाया गया। महाप्रबंधक ने सभी सुझावों पर सकारात्मक विचार का भरोसा दिया।

## साहिबगंज नगर परिषद के इन 108 वार्ड पार्षद प्रत्याशी का किस्मत का फैसला होगा आज

वार्ड नंबर एक
1. रीना कुमारी - अलमारी छाप
2. विनीता देवी - बेबी वाकर छाप
3. सरिता देवी - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 2
1. अनंत मोहन यादव - अलमारी छाप
2. आनंद कुमार सत्य - बेबी वाकर
3. ओम प्रकाश तिवारी - बल्ला छाप
4. रंजन कुमार पांडे - मोतियों का हार
5. रंजन कुमार सिंह - साइकिल पंप
6. शंभूनाथ केसरी - ब्लैक बोर्ड छाप
7. संगीता देवी - डबल रोटी छाप
8. सुशील भरतीया - ब्रीफकेस छाप

वार्ड नंबर 3 प्रत्याशी निर्विरोध विजय हुई

वार्ड नंबर 4
1. वसुंधरा देवी - अलमारी छाप
2. रेखा देवी - बेबी वाकर छाप
3. रौशन कुमारी - बल्ला छाप
4. सुनीता कुमारी - मोतियों का हार छाप

वार्ड नंबर 5
1. मो कैसर अली - अलमारी छाप
2. बेबी खातून - बेबी वाकर
3. मो मुनाजीर हुसैन - बल्ला छाप
4. रुकसाना खातून - मोतियों का हार

वार्ड नंबर 6
1. राजीव रजक - अलमारी छाप
2. शेखर कुमार पासवान - बेबी वाकर छाप

वार्ड नंबर 7
1. आरती कुमारी रौनियर - अलमारी छाप
2. पुतुल देवी - बेबी वाकर छाप
3. बेबी कुमारी - बल्ला छाप
4. लीला देवी - मोतियों का हार
5. सुनीता सिन्हा - साइकिल पंप छाप
6. स्नेहा कुमारी - ब्लैक बोर्ड छाप

वार्ड नंबर 8 से रश्मि चोखानी निर्विरोध विजय हुई

वार्ड नंबर 9
1. अजीत कुमार - अलमारी छाप
2. आनंद चौधरी - बेबी वाकर छाप
3. पीयूष कुमार यादव - बल्ला छाप
4. रिफत प्रवीण - मोतियों की हार
5. सत्य प्रकाश सिन्हा - साइकिल पंप
6. सरफराज आलम - ब्लैक बोर्ड

वार्ड नंबर 10
1. मोहम्मद इमरान अली - अलमारी छाप
2. कृष्ण कुमार पासवान - बेबी वाकर छाप
3. पार्वती देवी - बल्ला छाप
4. संतोष कुमार सिंह - मोतियों का हार
5. सुबोध कुमार - साइकिल पंप

वार्ड नंबर 11
1. आरती देवी - अलमारी छाप
2. मो मुस्तफा कुरैशी - बेबी वाकर
3. रंजीत प्रसाद साह - बल्ला छाप
4. रविन्द्र कुमार - मोतियों का हार
5. शिला देवी - साइकिल पंप
6. सरिता कुमारी - ब्लैक बोर्ड

वार्ड नंबर 12
1. मुसरत बानो - अलमारी छाप
2. शाहिना प्रवीण - बेबी वाकर
3. हिना परवीन - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 13 प्रत्याशी बुशरा तहरीम निर्विरोध विजय हुई

वार्ड नंबर 14
1. अमित कुमार साह - अलमारी छाप
2. मो आजाद हुसैन - बेबी वाकर
3. गीता देवी - बल्ला छाप
4. पंकज कुमार मंडल - मोतियों का हार
5. प्रदीप कुमार - साइकिल पंप
6. विकास कुमार साह - ब्लैक बोर्ड
7. विजय कुमार वर्मा - डबल रोटी
8. ललन कुमार - ब्रीफकेस
9. संजीत कुमार गुप्ता - केक

वार्ड नंबर 15
1. मोहम्मद अरमान अहमद - अलमारी छाप
2. मोहम्मद नजरुल बारी - बेबी वाकर
3. मोहम्मद निजामुद्दीन - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 16 से अमृता कुमारी निर्विरोध विजय हुई

वार्ड नंबर 17
1. अन्नू गुप्ता - अलमारी छाप
2. मधु यादव - बेबी वाकर
3. सुनीता देवी - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 18
1. आशा देवी - अलमारी छाप
2. कंचन देवी - बेबी वाकर
3. श्रीति कुमारी - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 19
1. चंदा देवी - अलमारी
2. राखी वर्मा - बेबी वाकर
3. वर्षा कुमारी - बल्ला छाप
4. स्नेहलता देवी - मोतियों का हार

वार्ड नंबर 20
1. कुमारी गरिमा - अलमारी छाप
2. दीपा देवी - बेबी वाकर
3. नियति देवी - बल्ला छाप
4. बबीता देवी - मोतियों का हार
5. बेबी रानी पाल - साइकिल पंप
6. रिमझिम कुमारी - ब्लैक बोर्ड
7. शिला देवी - डबल रोटी
8. संजू कुमारी - ब्रीफकेस छाप

वार्ड नंबर 21
1. मिथुन कुमार - अलमारी छाप
2. मेरी मुर्मू - बेबी वाकर
3. सीमा देवी - बल्ला छाप

वार्ड नंबर 22
1. देव कुमार - अलमारी छाप
2. मनोज कुमार तांती - बेबी वाकर
3. राजू कुमार मंडल - बल्ला छाप
4. सुरेन्द्र यादव - मोतियों का हार

## शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है।

# विधायकों के टेलीफोन भत्तेः फिजूलखर्ची या जनसंपर्क की अनिवार्यता?



**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

(जब 300-400 रुपये में अनलिमिटेड कॉल और डेटा संभव, तो जनप्रतिनिधियों के लिए इतना बड़ा भत्ता क्यों?)

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपये करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है।

आज का भारत डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। मोबाइल फोन और इंटरनेट ने संचार के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। कुछ साल पहले तक कॉल दरें और डेटा पैक महंगे हुआ करते थे, लेकिन अब निजी टेलीकॉम कंपनियों के कारण संचार सेवाएं काफी सस्ती हो चुकी हैं। आम नागरिक 300 से 400 रुपये के मासिक रिचार्ज में अनलिमिटेड कॉल, डेटा और संदेश की सुविधा प्राप्त कर लेता है। ऐसे समय में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब देश का आम व्यक्ति इतनी कम राशि में अपना संचार चला सकता है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए हजारों रुपये का अलग भत्ता क्यों आवश्यक है।

बिहार के इस निर्णय ने एक व्यापक बहस को जन्म दिया है। राज्य में कुल 243 विधायक हैं। यदि हर विधायक को प्रति माह 8300 रुपये का टेलीफोन भत्ता दिया जाता है, तो सालाना यह राशि करोड़ों रुपये तक पहुंच जाती है। आलोचकों का कहना है कि यह पैसा सार्वजनिक धन है और इसे शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास या अन्य जरूरी क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर कई लोग इसे अनावश्यक खर्च या राजनीतिक विशेषाधिकार के रूप में देख रहे हैं।

हालांकि इस विषय का दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनप्रतिनिधियों का काम केवल विधानसभा तक सीमित नहीं होता। उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता से लगातार संपर्क बनाए रखना पड़ता है। नागरिकों की समस्याएं सुनना, अधिकारियों से बातचीत करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पार्टी के कार्यक्रमों में भाग लेना–इन सबके लिए निरंतर संचार जरूरी होता है। कई बार एक विधायक को दिन भर में सैकड़ों फोन कॉल करने या प्राप्त करने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण अलग-अलग कंपनियों के सिम कार्ड भी रखने पड़ते हैं। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ऑनलाइन बैठकें और सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद भी अब जनप्रतिनिधियों के काम का हिस्सा बन चुके हैं।

फिर भी बहस का असली मुद्दा केवल राशि नहीं, बल्कि पारदर्शिता है। यदि किसी भत्ते का उपयोग स्पष्ट रूप से दर्ज हो और उसका हिसाब सार्वजनिक हो, तो विवाद कम हो जाते हैं। लेकिन जब भत्ता बिना बिल के दिया जाता है, तब यह संदेह पैदा होता है कि कहीं यह सुविधा अतिरिक्त आय का माध्यम तो नहीं बन रही। यही कारण है कि कई विशेषज्ञों का मानना है कि संचार भत्ता दिया जाना गलत नहीं है, लेकिन उसके उपयोग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना जरूरी है।

भारत के विभिन्न राज्यों में विधायकों को मिलने वाले टेलीफोन या संचार भत्ते अलग-अलग हैं। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश में विधायकों को लगभग 10,000 रुपये तक का संचार भत्ता मिलता है।

महाराष्ट्र जैसे बड़े और महंगे राज्य में यह राशि इससे भी अधिक हो सकती है। दूसरी ओर हरियाणा में अपेक्षाकृत कम भत्ता दिया जाता है। केरल ने कोविड महामारी के बाद अपने भत्तों में कटौती कर एक उदाहरण भी पेश किया था। वहीं दिल्ली में संचार और यात्रा भत्ते को मिलाकर दिया जाता है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि राज्यों में कोई समान नीति नहीं है और हर राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेता है।

यह भी सच है कि समय के साथ तकनीक ने संचार को आसान और सस्ता बना दिया है। पहले जहां लंबी दूरी की कॉल महंगी होती थी, वहीं आज इंटरनेट आधारित सेवाओं ने संचार की लागत को काफी कम कर दिया है। व्हाट्सएप कॉल, वीडियो मीटिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद अब सामान्य बात हो गई है। इसलिए कई लोग यह सवाल उठाते हैं कि क्या भत्तों की वर्तमान संरचना अभी भी पुराने समय की जरूरतों के आधार पर चल रही है।

लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत माने जाते हैं। जनता अपने प्रतिनिधियों को इसलिए चुनती है ताकि वे उनकी समस्याओं को समझें और समाधान के लिए काम करें। ऐसे में यदि जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध हो, तो जनता का विश्वास भी मजबूत होता है। लेकिन जब खर्च का विवरण अस्पष्ट होता है, तब आलोचना स्वाभाविक हो जाती है।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस व्यवस्था को अधिक संतुलित बनाने के लिए कुछ सुधार किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, टेलीफोन भत्ते के लिए बिल या डिजिटल रिकॉर्ड अनिवार्य किया जा सकता है। सरकार

चाहें तो आधिकारिक मोबाइल कनेक्शन उपलब्ध करा सकती है, जिससे खर्च सीधे नियंत्रित और मॉनिटर किया जा सके। इसके अलावा भत्ते की एक अधिकतम सीमा तय की जा सकती है ताकि अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। समय-समय पर ऑडिट और सार्वजनिक रिपोर्ट भी इस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बना सकती है।

यह मुद्दा केवल एक भत्ते का नहीं, बल्कि शासन की सोच का भी है। यदि सरकारें और जनप्रतिनिधि खुद पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे, तो जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। दूसरी ओर यदि सुविधाएं बढ़ती रहें और जवाबदेही कम होती जाए, तो लोकतंत्र में अविश्वास की भावना पैदा हो सकती है।

अंततः यह समझना जरूरी है कि जनप्रतिनिधियों को संचार के साधन उपलब्ध कराना गलत नहीं है। वास्तव में यह उनकी जिम्मेदारियों को निभाने में मदद करता है। लेकिन इस सुविधा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो व्यावहारिक भी हो और जवाबदेह भी। आज जब देश डिजिटल पारदर्शिता की ओर बढ़ रहा है, तब सरकारी खर्च के हर पहलू को भी उसी दिशा में ले जाना समय की मांग है। टेलीफोन भत्ते पर उठी यह बहस हमें एक व्यापक प्रश्न की ओर ले जाती है–क्या हमारी राजनीतिक व्यवस्था जनता के प्रति उतनी ही जवाबदेह है जितनी होनी चाहिए? यदि इस बहस से पारदर्शिता और सुधार की दिशा में कदम बढ़ते हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत होगा।

(डॉ. सत्यवान सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक है।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# पाकुड़ की खबरें

## उपायुक्त ने मतगणना कार्य को लेकर सहायक और पर्यवेक्षकों को दिया निर्देश

पाकुड़। कृषि उत्पादन बाजार समिति में नगर परिषद आम निर्वाचन के तहत मतगणना सहायक एवं मतगणना पर्यवेक्षकों का आधिकारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी नियुक्त कर्मियों को निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित होने तथा अपना पहचान पत्र (आईडी कार्ड) अनिवार्य रूप से साथ रखने के निर्देश दिया। बिना आईडी कार्ड के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षण में मतपेटिका खोलने की प्रक्रिया, मतपत्रों की छंटाई, बंडलिंग, गणना, अभिलेख संधारण, मतगणना हॉल में अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## अग्निशामक विभाग ने किया मॉक ड्रिल



**पाकुड़ संताल एक्सप्रेस ।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केंद्र पर अग्निशामक विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संभावित आगजनी एवं आपात स्थिति से निपटने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने मॉक ड्रिल का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र पर अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी उपकरण पूर्णतः कार्यशील अवस्था में रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित दल सतत तैयार रहें।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना केंद्र पर सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंध किए गए हैं तथा किसी भी आपदा या अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

## डीसी ने की सांसद, विधायक निधि योजनाओं की समीक्षा

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद एवं विधायक निधि योजनाओं की प्रगति का समीक्षा बैठक किया। बैठक में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों एवं अभियंताओं द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद निधि के अंतर्गत ई-साक्षी पोर्टल के माध्यम से परियोजना निदेशक, आईटीडीए द्वारा 06 योजनाओं के भुगतान हेतु अधियाचन प्रस्तुत किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर संबंधित एजेंसियों को पुनः निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों एवं अभिकर्ताओं को योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर राशि की भुगतान हेतु अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एमपीलैड्स योजना के तहत परियोजना निदेशक आईटीडीए को 08 योजनाएं पूर्ण कर भुगतान हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा गया। साथ ही लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्रों में संचालित योजनाओं को मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला अभियंता एवं अन्य कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की निधि से संचालित योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आमजन को विकास कार्यों का लाभ समय पर मिल सके।

## डीटीओ टीम पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार , पुलिस ने जेल भेजा

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** बालू लदा ट्रैक्टर को रोकने गए डीटीओ के टीम पर हमला करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी दिलवर हुसैन और अब्दुल आहद के रूप में हुई है। मामले को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने नगर थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। आवेदन के आधार पर कांड संख्या 29/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी और उसकी टीम बुधवार को जांच के लिए नगर थाना क्षेत्र के मालीपाड़ा के रास्ते जा रहा था। इसी दौरान बालू लदा दो ट्रैक्टर को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान एक ट्रैक्टर को जबरन लेकर फरार हो गया। जबकि दूसरा ट्रैक्टर को पुलिस लाइन लाने के दौरान कुछ लोगों ने मिलकर डीटीओ टीम के साथ झड़प करने लगा।

## कालीदासपुर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य की घोर कमी

संताल एक्सप्रेस **संवाददाता पाकुड़।** सदर प्रखंड के कालीदासपुर पंचायत के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। लोग पेयजल, सड़क, शिक्षा के प्रति काफी पिछड़ा है। पिछड़ेपन को दूर कराने में जनप्रतिनिधि आज भी आगे नहीं आए है। इस पंचायत में आधा दर्जन से अधिक गांव शामिल है। एक गांव से दूसरी गांव तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क का निर्माण पिछले एक वर्ष से चल रहा है। इससे गांव के लोगों को दूसरे गांव तक जाने के लिए सुविधा मिलेगी। लेकिन गांव के अंदर में लोगों को पत्थरीले व जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। इस गांव में लगे स्ट्रीट लाइट खराब होने से लोगों को रात के समय पथरीले सड़क से होकर आवागमन



करने में दिक्कतें होती है। पंचायत की आबादी पांच से छह हजार की है। यहां के अधिकांश लोग पत्थर खदान, क्रशर में दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीण चुरका हांसदा, बेमना मुर्मू, कायास हेम्ब्रम ने बताया कि गांव के स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण बेहतर शिक्षा का लाभ बच्चों को नहीं मिल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र होते हुए भी समय पर सेविका नहीं पहुंचने पर नौनिहालों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल रहा है। जिससे गांव के बच्चे अशिक्षित ही रह जाते हैं।

गांव में नेता सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने आते है.....

गांव के लोग आज भी बड़े नेता को गांव में सहीं से नहीं देखा है?। चुनाव के समय ही नेता लोग गांव में आते है और अपना मकसद पूरा होने के बाद भूल जाते है। गांव की समस्यायों का समाधान आखिर कबतक होगा। इसका जवाब भी किसी के पास नहीं है।

गांव में छाया रहता है सन्नाटा....

कालीदासपुर गाव में गुरुवार को सुबह दस बजे पहुंचने पर सड़कें पूरी तरह से सन्नाटा पाया गया। सड़कों पर एकाध लोग ही दिखाई दिया। लोगों को पूछने पर बताया कि लोग रातभर क्रशरों में ट्रैक्टर, ट्रक में गि?ट्टी लोड करते हैं, सुबह होने पर लोग अपने-अपने घरों पर आराम करते हैं। जिस कारण गांव के लोग दिन में कम दिखाई देते है। जो भी लोग दिन में रहते हैं ये लोग भी पत्थर खदानों में काम के लिए चले जाते हैं।

## विधिक सेवा के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान



**पाकुड़ संताल एक्सप्रेस ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के अंतर्गत घुमापहाड़ समेत जंगली इलाकों के सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों के बीच मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच पर नालसा योजना (एचडब्ल्यूसी), 2025 पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पीएलवी आनंद मुर्मू एवं भरत कुमार साहा ने संयुक्त रूप जागरूक करते हुए बताया कि जंगल के आस पास क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर जंगली जानवरों के हमले से घायल, मृत्यु,एवं संपति का नुकसान जैसे कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं ऐसे पीड़ित व्यक्तियों को नालसा के इस योजना के तहत मुआवजा का प्रावधान है ।ऐसे किसी प्रकार का घटना यदि होता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ अथवा संबंधित प्रखंडों के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स या प्रशासन को सूचित कर सकते हैं ताकि पीड़ितो को कानूनी सहायता मिल सकें।

## जिला प्रशासन ने डीबीएल के सीएसआर टीम को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।सामाजिक दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए जिला प्रशासन पाकुड़ द्वारा डीबीएल कोल कंपनी की सीएसआर टीम को गुरुवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिला प्रशासन कार्यालय में आयोजित समारोह में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने डीबीएल कोल कंपनी के प्रोजेक्ट हेड सह एबीपी ब्रजेश कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जेम्स सूरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने डीबीएल की सीएसआर टीम द्वारा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की उन्होंने कहा कि प्रशासन और निजी संस्थानों के समन्वित प्रयास से ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है।डीबीएल की सीएसआर टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाना, जरूरतमंदों के बीच सहायता सामग्री का वितरण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।इन पहलों से स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और सामाजिक विकास को नई दिशा मिली है।प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने के बाद डीबीएल टीम के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया और भविष्य में भी सामाजिक विकास के कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## ओवरलोड बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

पाकुड़ संताल एक्सप्रेस । मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह पोछाथोल के पास गश्ती दल द्वारा एक बिना चालान के ओवरलोड ट्रैक्टर संख्या जेएच 17 जी 0575 बालू परिवहन करते पकड़ा गया। अग्रिम कार्रवाई को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। जिसके आधार पर खान निरीक्षक द्वारा उक्त ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि अवैध परिवहन के खिलाफ आगे भी छापेमारी अभियान चलाया जाएगा, ताकि अवैध परिवहन पर रोक लगाई जा सके।

## एमआईएम ने चलाया सदस्यता अभियान



पाकुड़ एमआईएम की ओर से सदस्यता अभियान के अंतर्गत इशाकपुर मदरसा में महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति एवं जमीनी स्तर को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों, उद्देश्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कई लोगों ने सदस्यता रसीद प्राप्त कर पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। युवा नेता अफीफ अमसल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि पंचायत के हर मुहल्ले में जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले आठ दुकानदार से वसूला जुर्माना

**पाकुड़ संताल एक्सप्रेस ।** नगर परिषद पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य सड़क, बाजार, हटिया एवं विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट हटाना, अतिक्रमण समाप्त करना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करना था। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 दुकानदारों से 2000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। संबंधित लोगों को सख्त निर्देश दिया कि वे अविलंब निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट हटाएं। अतिक्रमण समाप्त करें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नगर परिषद के प्रयासों में सहयोग करें और स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अभियान में नगर परिषद के नगर मिशन प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक सौरव, चंदन, भानु बसंत के अलावे अन्य मौजूद थे।

## आज खुलेगी अध्यक्ष पद के 10 व पार्षद के 89 प्रत्याशियों के भाग्य की मतपेटी



पाकुड़। नगर परिषद क्षेत्र में हुए मतदान का नतीजा आज शुक्रवार सुबह आठ बजे से मतों की गणना के साथ शुरू होगी। बैलेट पेपर से चुनाव होने के कारण मतगणना में समय अधिक लगेगा। लेकिन जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। सभी वार्डों के लिए कुल 42 टेबलों पर वोटों की गिनती होगी। सबसे पहले वार्ड पार्षदों को पड़े वोटों की गणना होगी। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए पड़े वोटों की गणना की जाएगी। मतगणना में सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने मौजूद कर्मियों को दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने मतगणना में मौजूद होने वाले सभी कर्मियों को सुबह सात बजे तक मतगणना केंद्र बुलाया है, ताकि समय पर मतों की गिनती शुरू हो सके।अध्यक्ष व वार्ड पार्षद की किस्मत मतपेटी से आज खुलेगी.... नगर परिषद चुनाव का रिजल्ट सुबह आठ बजे से शुरू होते ही प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता खुशी और गम दिखाई देने लगेंगे। अध्यक्ष व वार्ड पार्षद अपनी जीत का दावा तो ठोक रही है, लेकिन उनके मेहनत का नतीजा मतपेटी में कैद है। मतपेटी खुलने के साथ ही दिखाई देने लगेगी किस प्रत्याशी को जनता ने सबसे अधिक चाहा है। दस बजे तक लगभग सभी वार्डों का नतीजा सामने आने लगेगा। हालांकि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का रिजल्ट दोपहर तक घोषित होने की उम्मीद लगाई जा रही है। होली से पहले रंग में रंग जाएंगे प्रत्याशी....नगर परिषद का महापर्व चुनाव का रिजल्ट जारी होती ही प्रत्याशी जीत की होली खेलेंगे। बाजार में होली से पहले रंग बिकने लगी है। साथ ही पटाखे भी खूब बिक रहा है। सिर्फ नतीजा आने का इंतजार है।

## तीन अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बच्चा सहित पांच लोग घायल

**संताल एक्सप्रेस लिट्टीपाड़ा** (पाकुड़)लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम तीन अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बच्चा सहित पांच लोग घायल हो गया।घायलों को प्राथमिक उपचार के पश्चात पांचों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया। पहली घटना लिट्टीपाड़ा बरहेट मुख्य सड़क धरमपुर मोड़ के समीप घटी जहा सड़क किनारे खड़े पातरापाड़ा गांव निवासी चांद सौदागर साहा 45 एवं नयन कुमार को पीछे से मोटरसाइकिल चालक ने ठोकर मार दिया जिससे दोनों पिता पुत्र घायल हो गया।दोनों को ग्रामीणों की सहयोग से अस्पताल लाया गया।वही दूसरी घटना मोहनपुर आरईओ सड़क पर पैदल जा रही मा बेटे को मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया जिससे छोटा चातरो गांव निवासी रामी पहाड़िन 35 व ढेड़ वर्षीय पुत्र देवराय पहड़िया घायल हो गया।तीसरी घटना थाना क्षेत्र के डंगाकुड़िया गांव के समीप घटा जहा रात में हटिया से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर सड़क से नीचे झाड़ी में गिर गया। जिसमे मोटरसाइकिल चालक देवा पहड़िया 18 गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सहयोग से घायलों उठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया

## बिना माइनिंग चालान के गिट्टी लदा ट्रक जब्त

**संताल एक्सप्रेस**

पाकुड़।बिना माइनिंग चालान गिट्टी लदा एक ट्रक को जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने बुधवार देर रात को जब्त किया है। जब्त किए गए ट्रक को मुफस्सिल थाना को सौंप दिया है। खान निरीक्षक के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला टास्क फोर्स टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रक संख्या डब्लूबी 57 सी 8687 को बल्लभपुर पेट्रोल पंप के पास खड़ा दिखा। शक होने पर टीम ने वहां क जांच किया। जांच के दौरान ट्रक में गिट्टी लदा पाया गया। माइनिंग चालान भी नहीं पाया गया। टीम ने मौके से जब्त करते हुए मुफस्सिल थाना को सौंप दिया।


पूर्व रेलवे

**खुला ठिका खोबोर सं.: 51-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, माहित 23.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् ञुतुम/जायगाः** ''आसनसोल मंडल- लातार रे ओलाकान बाबोत रे टेलीकम सांव जोड़ाव कामी (i) आसनसोल मंडल तारी रे मोहनपुर-हँसडीहा खंड ताला रे सर्वधाम रे नावां हॉल्ट स्टेशन। (ii) आसनसोल मंडल तारी रे देवघर-मोहनपुर-हँसडीहा खंड ताला रे त्रिकुट बुरु रे नावां हॉल्ट स्टेशन। (iii) एमडीपी-जीआरडी खंड रे कृष्ण बल्लभ सहाय (केबीएसएच) हॉल्ट स्टेशन आर महेशमुंडा स्टेशन ताला रे सिजुआ रे नावां हॉल्ट स्टेशन। (iv) आसनसोल मंडल तारी रे देवघर-मोहनपुर खंड ताला रे महेशमारा रे नावां हॉल्ट स्टेशन''। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 72,40,425.45, **बायना पायसाः** रु. 1,44,800/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** एलओए ओडोक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 18.03.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडायः http://www.ireps.gov.in**

ASN-369/2025-26

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# देवघर और मधुपुर में बने है मतगणना केंद्र, तैयारियां पूरी

## सुरक्षा से लेकर टेबल और कर्मियों की तैनाती तक पूरी रूपरेखा तैयार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिला प्रशासन ने नगर निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी कि देवघर नगर निगम की मतगणना के लिए जिला राइफल शूटिंग भवन, देवघर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। वहीं मधुपुर नगर परिषद की मतगणना महिला महाविद्यालय, मधुपुर में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि देवघर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 1 से 36 तक कुल 172 मतदान केंद्रों की मतगणना 36 टेबलों पर कराई जाएगी, जो पांच चक्रों में पूरी होगी। इसके लिए 36 मतगणना पर्यवेक्षक, 36 प्रथम गणना सहायक और 36 द्वितीय गणना सहायक तैनात किए गए हैं। इस तरह कुल 108 कर्मी मतगणना कार्य में लगे रहेंगे। मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र के



वार्ड 1 से 23 तक के 46 मतदान केंद्रों की मतगणना 10 टेबलों पर पांच चक्रों में कराई जाएगी। यहां 10 मतगणना पर्यवेक्षक, 10 प्रथम गणना सहायक और 10 द्वितीय गणना सहायक सहित कुल 30 कर्मी प्रतिनियुक्त रहेंगे। इसके अलावा सुरक्षित व्यवस्था के तहत 50 प्रतिशत अतिरिक्त व्यवस्था के लिए 18 और 5 यानी कुल 23 गणना टेबलों पर 23 मतगणना पर्यवेक्षक, 23 प्रथम गणना सहायक और 23 द्वितीय गणना सहायक तैनात किए गए हैं। इस तरह देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद की मतगणना के लिए कुल 207 कर्मी मतगणना हॉल में कार्यरत रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वज्रगृह की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति पुलिस अधीक्षक स्तर से की गई है। मतगणना समाप्त होने तक चौबीसों घंटे तीन पालियों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। दो स्तर की सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है और उचित पहचान के बाद ही किसी को भी प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# मतगणना केंद्रों में सख्त प्रवेश व्यवस्था, आयोग ने दिए कई निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद के लिए मतों की गणना 27 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है। देवघर नगर निगम की मतगणना देवघर कॉलेज स्थित मतगणना हॉल में होगी, जबकि मधुपुर नगर परिषद की मतगणना मधुपुर महिला कॉलेज में संपन्न कराई जाएगी।

केवल अधिकृत व्यक्तियों को मिलेगा प्रवेश

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हस्तपुस्तिका 2026 के अध्याय 11 की कंडिका 11.10 के आलोक में मतगणना हॉल में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी, जिनके लिए विधिवत प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। इनमें मतगणना सहायक और पर्यवेक्षक, आयोग या जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन कार्य से जुड़े लोक सेवक, अभ्यर्थी तथा उनके निर्वाचन और गणन अभिकर्ता शामिल हैं।

मंत्रियों और अंगरक्षकों का प्रवेश निषिद्ध

निर्देशों के अनुसार केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री को मतगणना हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इन्हें निर्वाचन या गणन अभिकर्ता के रूप में भी नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। सुरक्षा कारणों से उनके साथ रहने वाले सुरक्षा बलों का भी मतगणना हॉल में प्रवेश वर्जित रहेगा। इसी तरह, किसी अभ्यर्थी या उसके अभिकर्ता को उपलब्ध अंगरक्षक को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हॉल में फोटोग्राफी और प्रतिबंधित सामग्री पर रोक

मतगणना हॉल के भीतर किसी भी प्रकार की वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही मोबाइल या अन्य संचार उपकरण, रेडियो, कैमरा, धूम्रपान सामग्री, माचिस, लाइटर, ज्वलनशील पदार्थ तथा खैनी-चुनौटी जैसी वस्तुओं के साथ प्रवेश पर सख्त रोक रहेगी। केवल अधिकृत अधिकारियों को आवश्यक उपकरण रखने की छूट होगी।

गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत मतगणना कार्य से जुड़े सभी लोक सेवकों, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को मतगणना की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### देवघर कॉलेज के आसपास निषेधाज्ञा लागू

**देवघर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत 27 फरवरी को मतगणना कराई जानी है। इसे लेकर देवघर नगर निगम क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। मतगणना का कार्य 27 फरवरी को देवघर कॉलेज में निर्धारित है। प्रशासन के अनुसार मतगणना स्थल पर भारी भीड़, विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा जुलूस, आपसी प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा के कारण विधि व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में शांति भंग न हो, इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। यह आदेश 26 फरवरी की मध्यरात्रि से 27 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

## निष्पक्ष मतगणना की मांग : मेयर प्रत्याशी रवि केसरी ने उठाए सवाल



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर नगर निगम चुनाव के मेयर प्रत्याशी रवि केसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आज होने वाली मतगणना को लेकर गड़बड़ी की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरे तन-मन से प्रचार-प्रसार किया और श्याम जी का नाम लेकर चुनाव मैदान में जनता से समर्थन मांगा। ऐसे में मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण होनी चाहिए। रवि केसरी ने प्रशासन से निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पारदर्शिता बेहद जरूरी है।

## जनता दरबार में सुनी गईं लोगों की समस्याएं



**देवघर।** जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलास्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे, ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, आपूर्ति विभाग, अंचल कार्यालयों और शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों को रखा। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बात सुनी और भरोसा दिलाया कि सामने आई सभी समस्याओं की जांच कर जल्द समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन और शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतों की सुनवाई के बाद अपर समाहर्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रत्येक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को सौंपें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की नियमित निगरानी की जा सके।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर शिकंजा, प्लास्टिक जब्त



**देवघर।** शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ चल रहा जांच अभियान तीसरे दिन भी तेज़ी से जारी रहा। देवघर नगर निगम और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने अलग-अलग इलाकों में दुकानों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की। जांच के दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग सामने आया। इस पर संबंधित दुकानदारों से कुल 5400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही लगभग चार किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर उसके नष्टिकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आगे से प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और कपड़े या कागज के थैलों को अपनाएं। आम लोगों से भी अपील की गई कि वे पर्यावरण की सुरक्षा में भागीदारी निभाएं और सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाएं। नगर निगम ने कहा है कि यह अभियान आगे भी लगातार चलता रहेगा। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके।

## डोर-टू-डोर कचरा उठाव को मजबूत बनाने की पहल

**देवघर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए देवघर नगर निगम ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में आरएफआईडी टैग अधिष्ठापन का कार्य शुरू किया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य कचरा संग्रहण को नियमित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है, ताकि हर घर और प्रतिष्ठान से समय पर कूड़ा उठाव सुनिश्चित हो सके। आरएफआईडी टैग के माध्यम से प्रत्येक घर और दुकान से कूड़ा उठाव की डिजिटल निगरानी की जाएगी। इससे यह साफ तौर पर पता चल सकेगा कि किस क्षेत्र में कचरा संग्रहण नियमित हो रहा है और कहां सुधार की आवश्यकता है। नगर निगम का मानना है कि इस प्रणाली से स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सेवा मिलेगी। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि टैग अधिष्ठापन के दौरान निगम के अधिकृत कर्मियों को पूरा सहयोग दें।

## टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मना होली मिलन समारोह

**मधुपुर ।** 52 बीघा स्थित चाणक्य टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें होली गीत, नृत्य, चुटकुले और नाट्य प्रस्तुति शामिल रहे।

समारोह के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए होली के पर्व को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। ऐसे आयोजन से संस्थान में पारिवारिक माहौल बनता है और छात्र-छात्राओं के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ता है।

कार्यक्रम में पवन पटेल, जनार्दन यादव, विनोद यादव, मनोज चटर्जी, संगीता दास, श्रीकांत मिश्रा, ठाकुर जी, प्रदीप टिंकू सहित कॉलेज के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। समारोह हंसी-खुशी और उत्साह के

# देवघर में रंगभरी एकादशी पर निकली निशान शोभायात्रा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** फागुन मास की शुक्ल पक्ष की पावन रंगभरी एकादशी, जो खाटू वाले प्रभु श्री श्याम को समर्पित है, के अवसर पर श्री श्याम कीर्तन मंडल देवघर द्वारा तीन दिवसीय भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। प्रथम दिन बैद्यनाथ धाम गौशाला प्रांगण से एक विराट निशान शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों–झौसागढ़ी मंदिर मोड़, शिक्षा सभा रोड, आजाद चौक, टावर चौक, राय कंपनी मोड़, धोबी टोला, गंगा हरि लेन, लक्ष्मी बाजार, सीपी डोलिया रोड और बजरंगी चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर,



कास्ट टाउन पहुंची। सतरंगी इंद्रधनुषी रंगों से सजी श्री श्याम निशान ध्वजा लहराती हुई ऐसा प्रतीत हो रही थी मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े, उसके पीछे ढोलिया पार्टी, उज्जैन से आए महाकाल ग्रुप के डमरू वादक तथा भजन गायक बाबा के भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहे थे। हजारों श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते, नाचते-गाते पूरे उत्साह से शामिल हुए। सुसज्जित रथ पर विराजमान प्रभु श्री श्याम का आकर्षक स्वरूप सभी को मंत्रमुग्ध कर रहा था। मार्ग में जालान, छछारिया, सिंघानिया, शर्मा, केसरवाणी परिवार, मारवाड़ी संगठनों व अन्य संस्थाओं द्वारा सेवा एवं पुष्पवर्षा की गई। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने निशान अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। संयोजक श्याम जालान, अभिषेक सिंघानिया सहित सभी श्याम भक्तों की व्यवस्था सराहनीय रही।

## क्रिकेट टूर्नामेंट : मलहारा इंडिया ने जीता उद्घाटन मैच



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत चरखीपहाड़ी मैदान में चरखीपहाड़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन मैच मलहारा इंडिया और रांगा मोड़ बुलडोजर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ने मैदान में पहुंचकर टॉस कराया,जिसमें रांगा मोड़ बुलडोजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मलहारा इंडिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 134 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में रांगा मोड़ बुलडोजर की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और मलहारा इंडिया ने 34 रनों से जीत दर्ज कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

## 3 मार्च को चंद्र ग्रहण : शाम 4 बजे तक ही होगा बाबा बैद्यनाथ का जलार्पण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण पूजा-अर्चना और जलार्पण की व्यवस्था में विशेष परिवर्तन किया गया है। मंदिर प्रशासन और तीर्थ पुरोहितों के अनुसार, श्रद्धालु इस दिन केवल शाम 4 बजे तक ही बाबा पर जलार्पण कर सकेंगे। इसके बाद ग्रहण काल को ध्यान में रखते हुए मंदिर के पट निर्धारित समय पर बंद कर दिए जाएंगे। तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि 3 मार्च की शाम 5 बजकर 46 मिनट से 6 बजकर 48 मिनट तक चंद्र ग्रहण रहेगा। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को अशुभ समय माना जाता है, इसलिए इस अवधि में किसी भी प्रकार की पूजा-अर्चना, स्पर्श या धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते। इसी परंपरा का पालन करते हुए बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पट ग्रहण के दौरान बंद रहेंगे। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर परिसर की शुद्धि की जाएगी और विधि-विधान के साथ पुनः पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए ही मंदिर पहुंचें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मतगणना को लेकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बदली 26 से 28 फरवरी तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन

## अलग-अलग दिशाओं के लिए तय हुए पार्किंग स्थल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** कॉलेज स्थित बजगृह मतगणना केंद्र में 26 फरवरी से 28 फरवरी तक होने वाली मतगणना को लेकर यातायात पुलिस ने विस्तृत रूट डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था जारी कर दी है। मतगणना के दौरान क्षेत्र में यातायात को सुचारु रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। यातायात पुलिस ने प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

मतगणना केंद्र पर वाहनों के अत्यधिक दबाव को कम करने के लिए चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। कोरियासा की ओर से आने वाले वाहन शंख मोड़, रेलवे ओवरब्रिज, अम्बेडकर चौक, बरमसिया चौक और जटाही मोड़ होते



हुए बीएड कॉलेज मैदान में पार्क होंगे। मोहनपुर और बैजनाथपुर की ओर से आने वाले वाहन बैजनाथपुर, बिलासी मोड़, भुरभुरा मोड़ और रांगा मोड़ से दाहिने मुड़कर देवघर रेलवे स्टेशन रोड के दोनों ओर या बाघमारा बस स्टैंड के पास स्थित खाली मैदान में खड़े किए जाएंगे।

जसीडीह और मस्जिद मोड़ की ओर से आने वाले वाहन तिवारी चौक से बाएं मुड़कर बीएड कॉलेज मैदान या तिवारी चौक से दाहिने मुड़कर श्रीराम झा चौक के अंदरूनी हिस्से और चिल्ड्रन पार्क रोड के दोनों ओर पार्क करेंगे। कोठिया और गिधनी की ओर से आने वाले वाहनों के लिए बाघमारा बस स्टैंड के समीप खाली मैदान निर्धारित किया गया है।

मतगणना क्षेत्र को पूरी तरह वाहन मुक्त रखने के लिए दर्शनिया मोड़, तिवारी चौक, रांगा मोड़, जटाही मोड़ और देवघर रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज पर प्रवेश निषेध के बैरियर लगाए जाएंगे। इन स्थानों से आगे किसी भी प्रकार के वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। यातायात पुलिस के अनुसार 26 फरवरी की रात 10 बजे से 28 फरवरी की रात 12 बजे तक रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा। इस दौरान बैजनाथपुर की ओर से आने वाले सभी वाहन रांगा मोड़ से रांगा गोड टोल टैक्स, बाघमारा बस स्टैंड, गिधनी, कोठिया, देवपुरा मोड़ और टाभाघाट होते हुए जसीडीह की ओर जाएंगे। बैजनाथपुर से आने वाले छोटे वाहन दर्शनिया मोड़ से बाएं होकर शिवराम झा चौक और हदहदिया पुल के रास्ते देवघर शहर या जसीडीह जा सकेंगे, जबकि बाघमारा या सुल्तानगंज जाने के लिए दर्शनिया मोड़ से दाहिने मुड़ना होगा। जसीडीह और शंख मोड़ की ओर से आने वाले वाहन जटाही मोड़ से बाएं मुड़कर रेलवे फ्लाईओवर, रांगा मोड़ और टोल टैक्स के रास्ते या दाएं मुड़कर तिवारी चौक होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। गिधनी रोड से आने वाले वाहन रांगा मोड़ और टोल टैक्स होते हुए बैजनाथपुर की ओर जाएंगे।

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से सहयोग करने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है ताकि मतगणना के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## संत फ्रांसिस स्कूल में छात्राओं के लिए पूर्ण वेशभूषा लागू करने की मांग, डीसी को सौंपा आवेदन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** संत फ्रांसिस स्कूल, देवघर में छात्राओं के लिए पूर्ण शरीर ढकने वाली वेशभूषा लागू करने की मांग को लेकर एक अभिभावक ने उपायुक्त देवघर को आवेदन सौंपा है।आवेदनकर्ता चंद्रशेखर खवाड़े, जो पंडा धर्म रक्षणी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भाजपा देवघर के जिला मंत्री हैं, ने छात्राओं के लिए सलवार-कुर्ती जैसे परिधान को अनिवार्य किए जाने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि देवघर बाबा बैद्यनाथ की पावन नगरी एवं झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विख्यात है, जहां अधिकांश विद्यालयों में कक्षा 5 या 6 के बाद छात्र-छात्राओं के लिए शालीन एवं पूर्ण वेशभूषा लागू है। उन्होंने कहा कि जहां छात्रों के लिए फुल पैंट-शर्ट निर्धारित है, वहीं कई स्कूलों में छात्राओं के लिए भी सलवार-कुर्ती जैसे परिधान लागू किए गए हैं। आवेदन में यह भी कहा गया है कि पिछले वर्ष विद्यालय प्रबंधन को इस संबंध में आग्रह करने के बावजूद अब तक ड्रेस कोड में कोई बदलाव नहीं किया गया है और छात्राओं को हाफ शर्ट एवं स्कर्ट में अध्ययन की अनुमति दी जा रही है।

## डुमरिया व अमगाछी विद्यालय में तंबाकू निषेध कार्यशाला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी, एनटीसीपी कोषांग देवघर के निर्देशानुसार गुरुवार, को सरकारी एम.एस. डुमरिया एवं सरकारी एम.एस. अमगाछी, मोहनपुर में तंबाकू निषेध कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला परामर्शी अभिमन्यु कुमार दांगी ने छात्रों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, अस्थमा, लकवा एवं श्वास संबंधी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही इसके आर्थिक व सामाजिक दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया कि झारखंड में प्रतिदिन लगभग 146 बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू सेवन शुरू कर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। कार्यक्रम में सदर अस्पताल देवघर स्थित तंबाकू मुक्ति केंद्र की जानकारी दी गई, जहां निःशुल्क काउंसलिंग व उपचार उपलब्ध है। साथ ही राष्ट्रीय तंबाकू क्विट हेल्पलाइन नंबर 1800-11-2356 की जानकारी भी साझा की गई।

## नगर प्रशासक के निर्देश पर कार्रवाई, तीन ठेला जब्त

**मधुपुर ।** नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया गया। नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसका नेतृत्व नगर परिषद के सीएलटी राजेंद्र प्रसाद ने किया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए तीन ठेला जब्त किए गए, साथ ही अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त कर लिया गया। नगर परिषद की टीम ने शहर के प्रमुख बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निरीक्षण कर सड़क पर अवैध रूप से दुकान और ठेला लगाकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान जेई सोनु हांसदा, राजस्व निरीक्षक इंद्रदेव महतो, शिव स्नेही, जय लाल, भुपेंद्र भगत, मोहम्मद नवाज, शाहिद प्रभाकर कुमार समेत नगर परिषद के अन्य कर्मी मौजूद रहे। जब्त किए गए ठेलों को नगर परिषद कार्यालय लाया गया है तथा संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है।

## गोंदलीटांड-नवाहार-नावाडीह सड़क निर्माण की आस

**मधुपुर ।** झारखंड जैसे विकासशील राज्य में गांव की सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास की रेखा मानी जाती हैं। सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए द्वार खुलते हैं। ऐसे में वर्ष 2026-27 के राज्य बजट से ग्रामीण क्षेत्रों को खास उम्मीदें बंधी हैं। मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के गोंदलीटांड मुख्य पथ से गोंदलीटांड-नवाहार-नावाडीह तक जाने वाली करीब 2.5 से 3 किलोमीटर लंबी सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और जलजमाव के कारण पूरी तरह से बदहाल हो जाता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क की खराब स्थिति के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, वहीं किसानों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद बाजार तक ले जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है। आपात स्थिति में एंबुलेंस तक गांव में प्रवेश नहीं कर पाती, जिससे जोखिम बढ़ जाता है।

## एम्स देवघर में एडल्ट इम्यूनाइजेशन ओपीडी का शुभारंभ, वयस्क टीकाकरण की मिलेगी सुविधा



**देवघर ।** एम्स देवघर में एडल्ट इम्यूनाइजेशन ओपीडी का औपचारिक उद्घाटन कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) नितिन गंगाने ने किया। इस अवसर पर डीन (एकेडमिक्स) प्रो. (डॉ.) हरमिंदर सिंह,विभागाध्यक्ष सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा प्रो. (डॉ.) . जाह्नवी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार तथा उपनिदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल अभिक दास उपस्थित रहे। सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के अंतर्गत स्थापित इस ओपीडी में डॉ. अरशद अयूब एवं डॉ. सुनील पाणिग्रही एडल्ट इम्यूनाइजेशन इंचार्ज होंगे। प्रारंभ में ओपीडी सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। यहां रेबीज, टीटी, टीडी, चिकनपॉक्स, इन्फ्लुएंजा, न्यूमोकोकल सहित अन्य अनुशंसित एवं ट्रैवलर वैक्सीन चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेषज्ञों ने बताया कि वयस्क टीकाकरण बुजुर्गों, स्वास्थ्यकर्मियों, यात्रियों एवं दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए: डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - डीसी हेमंत सती की में गोपनीय कार्यालय में सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक हुई .बैठक के दौरान डीसी ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.उन्होने शासन कार्ड निष्पादन एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके. साथ ही उन्होंने नए राशन कार्ड निर्गमन तथा डीलर परिवर्तन से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया.सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम में डीसी ने विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन गोदामों की नियमित निगरानी करने तथा कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया.उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने गोदामों में उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट संबंधित वरीय पदाधिकारी को अविलंब समर्पित करें. बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला सहकारी पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित संबंधित एजीएम एवं बीएसओ उपस्थित थे.

# बरहेट में शैक्षणिक प्रपत्र के नाम पर राशि मांगने के मामले में जांच टीम गठित

बरहेट/साहिबगंज- शैक्षणिक प्रपत्र उपलब्ध कराने के लिए राशि मांगने के कथित मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने जांच टीम का गठन की है.मामला दलदली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय से जुड़ा है. जहां की एक छात्रा ने आरोप लगाया है कि शैक्षणिक प्रपत्र उपलब्ध कराने के बदले एक शिक्षक द्वारा 10,000 रूपया लिए गए तथा अतिरिक्त 10,000 रूपया की मांग की गई है.बताया जाता है कि तेघड़ा गांव निवासी छात्रा छीता किस्कू (पिता - सुखदेव किस्कू) ने विद्यालय के शिक्षक सुमन कुमार पर यह आरोप लगाया है.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी की अध्यक्षता में एक टीम गठित की है. टीम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हांसदा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण घाटी, कनीय अभियंता अब्दुल गफ्फार तथा प्रखंड उप प्रमुख रूपक साह को शामिल किया गया है.बीडीओ ने जांच टीम को तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है. प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

# सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट-द्रोणाचार्य सीसी ने 198 रन से जीता सेमीफाइनल मैच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत् गुरुवार को द्रोणाचार्य सीसी बनाम राजमहल सीनियर ए के बीच टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया. द्रोणाचार्य ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 279 रन बनाएं. आशीष रंजन ने 97, अनिकेत ने 36, सुधांशु ने नाबाद 55 रन की पारी खेली. राजमहल सीनियर के गेंदबाज अमित राज ने 2, सादात शेख व हजरत शेख ने 2-2 विकेट लिए. जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी राजमहल सीनियर ए की टीम 14.1 ओवर में 81 रन बना कर ऑल आउट हो गई. संतोष राज ने 13 व अमित राज ने 32 रन की पारी खेली. द्रोणाचार्य के गेंदबाज जुनैद परवेज ने 5 व प्रीतम ने 3 विकेट लिए.द्रोणाचार्य के खिलाड़ी आशीष रंजन व जुनैद परवेज को संयुक्त रूप से मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया. मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा ने आशीष व जुनैद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया.

# लकड़ी लदा एक बोलेरो पिकअप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात्र लगभग 2 बजे विशेष अभियान चलाकर अवैध तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई. इस दौरान टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन संपदा की तस्करी की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बोलेरो पिकअप को रोका. जाँच पड़ताल कर अवैध लकड़ी बोटा के अवैध परिवहन के जुर्म में उक्त बोलेरो पिकउप को जब्त कर लिया गया एवं दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया.इस अभियान में वनपाल राणा रंजीत, उप वन परिसर पदाधिकारी अंकित झा, इंद्रजीत कुमार सहित अन्य वनकर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे. पूरी कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई. जिससे तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया गया.वन विभाग द्वारा जब्त वाहन को अभिरक्षा में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत मे भेज दीया गया है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध तस्करी के विरुद्ध आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाता रहेगा.

# बच्चा चोर मामले में क्षेत्र में चलाया गया जागरूकता अभियान



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- साहिबगंज सदर प्रखंड के लाल बथानी हटिया में गुरुवार को मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय के नेतृत्व में जागरूकता चलाया गया. थाना प्रभारी ने बताया यदि कोई अजनबी व्यक्ति आपके क्षेत्र में आता है तो बच्चा चोर का अफवाह ना फलाएं, प्रथम यह मान कर चले कि वह व्यक्ति भटक कर गांव में आ गए हैं,अजनबी व्यक्ति का सूचना तुरंत अपने गांव के जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि या जिम्मेदार व्यक्ति सामाजिक व्यक्ति या पुलिस थाना को दे.जिसे सबसे पहले सूचना मिले जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि उस व्यक्ति का दायित्व है कि उसे प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस के आने तक अपनी सुरक्षा में रखें और यदि संभव हो तो भीड़ पहुंचने से पहले उसे सुरक्षित थाने में पहुंचा दें. वहीं राजमहल विधानसभा अध्यक्ष कौसर आलम ने बताया कि सबसे पहले उसे शालीनता पूर्वक उसका परिचय एवं गांव में आने का कारण पूछे और यदि संदेह भी होता है तो पुलिस को फोन कर आने का इंतजार कर एवं आने पर पुलिस को सौंप दें. ना ही अजनबी के साथ मारपीट कर कानून को हाथ में लें और ना ही किसी भी परिस्थिति में भीड़ एकत्रित न होने दे. आपका जागरूकता आपका बचाव है. कृपया गांव के जिम्मेदार लोगों का एवं प्रशासन का सहयोग करें.मौके पर मखमलपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया मो इसहाक, उत्तर पंचायत सिद्दीकी भोला मांझी, आदि उपस्थित थे.

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर सं.: 49-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, माहित 23.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् ञुतुम/जायगा:** ''आसनसोल मंडल- आसनसोल मंडल तारी रे मेल/एक्सप्रेस स्टॉपेज मेनाक् जुदा-जुदा स्टेशनको रे आईपीआईएस आधारित टीआईबी/सीआईबी डिस्प्ले सिस्टम बेबोसताय''। **ठिका रेयाक् पूंजी:** रु. 6,76,56,771.35, **बायना पायसा:** रु. 4,88,300/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** एलओ ओडोकेक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 18.03.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय:** **http://www.ireps.gov.in**

ASN-367/2025-26

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शोक सभा आयोजित

साहिबगंज- रांची सदर अस्पताल के चिकित्सक सह झासा के सक्रिय सदस्य डॉ विकास कुमार गुप्ता* एवं साहिबगंज जिले के बोरियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ विनोद कुमार के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को साहिबगंज सदर अस्पताल में शोक सभा का आयोजन किया गया.मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, डीएस डॉ. दिवेश कुमार एवं झासा के जिला अध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार की उपस्थिति में उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दो मिनट का

# नगर निकाय चुनाव : किसके सर सजेगा जीत का ताज,फैसला आज



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- नगर निकाय चुनाव 2026 के लिए चुनाव लड़ रहे साहिबगंज नगर परिषद,राजमहल नगर पंचायत व बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के अध्यक्ष पद के 28 प्रत्याशी एवं वार्ड पार्षद के 208 प्रत्याशी के भाग्य का फैसला शुक्रवार को साहिबगंज जिला मुख्यालय के लोहंडा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र में होगा.जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह आठ बजे स्ट्रांग रूम का सेल खोलने के बाद मतपेटी खुलेगी और मतों की गिनती प्रारंभ हो जाएगी और उम्मीद जताई जा रही है कि दोपहर 2 से 3 बजे तक साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के 208 वार्ड पार्षद के भाग्य का फैसला हो जाएगा. राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का परिणाम दोपहर तीन बजे तक आ जाने की उम्मीद है. वहीं जिला प्रशासन के द्वारा मतगणना की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है. साथ ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम मतगणना केंद्र के अंदर व बाहर किया गया है.

साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी

1.अंकित कुमार पासवान.
2.अनूप लाल हरि.
3.अमृत कुमार रजक.
4.अशोक कुमार तुरी. 5.कपिल देव दास. 6.दारा पासवान. 7.दिनेश कुमार पासवान.
8.पंकज रजक.
9.प्रमोद कुमार पासवान.
10.मनोज कुमार पासवान.
11.मनोज पासवान.
12.महेंद्र पासवान. 13.रविन्द्र कुमार पासवान.
14.राम कुमार पासवान.
15.रामनाथ पासवान.
16.रोहित कुमार रविदास.
17.विनोद कुमार चौधरी.
18.संजय रविदास.

**28 अध्यक्ष व 208 वार्ड पार्षद के किस्मत का फैसला आज**

साहिबगंज- नगर परिषद क्षेत्र के अध्यक्ष पद के 18 प्रत्याशी एवं वार्ड पार्षद पद के 108 प्रत्याशी के भाग्य का फैसला शुक्रवार को होगा. साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के 66 और एक सहायक बूथ में 18 अध्यक्ष एवं 108 वार्ड पार्षद प्रत्याशी, राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के 19 बूथ में चार अध्यक्ष व 43 वार्ड पार्षद प्रत्याशी एवं बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के 20 बूथ में छह अध्यक्ष एवं 57 वार्ड पार्षद प्रत्याशी के भाग्य का फैसला बैलेट बॉक्स में बंद है. जिला के 28 अध्यक्ष एवं 208 वार्ड पार्षद प्रत्याशी के भाग्य का फैसला आज होना है.वही मतगणना में परिणाम क्या आएंगा इस बात से सभी प्रतिभागियों की दिल की धड़कन तेज है. नगर परिषद क्षेत्र का मतगणना हॉल ग्राउंड फ्लोर में दो हॉल में बनाया गया है. जहां 10-10 टेबल लगाया गया है. कुल 20 टेबल में वार्डवार मतों की गिनती की जाएगी. पहले वार्ड पार्षद का गिनती होगा. उसके बाद अध्यक्ष पद का मतपत्र गिनती होगा. राजमहल नगर पंचायत का मतगणना केंद्र पहले तल्ले के एक कक्ष में बनाया गया है. जिसमे 10 टेबल लगाया गया है. वही बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र का मतगणना केंद्र दूसरे तल्ले पर एक कक्ष में बनाया गया है. जहां 10 टेबल लगाया गया है. कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लगभग दो घंटे में प्रत्येक राउंड का रुझान आने की उम्मीद जताई जा रही है.साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए चार राउंड, राजमहल व बरहरवा के अध्यक्ष के लिए दो राउंड मतगणना होगी.

## राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार

1.केताबुद्दीन शेख - एअरकंडीसनर
2.भावना गुप्ता - छड़ी,
3.मो मखदुम शेख - चूड़ियाँ
4.माधवी लता मंडल - बैटरी टॉर्च

राजमहल नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार

वार्ड नम्बर 01
1.राजकुमार मंडल - बल्ला
2.हेना शेख - मोतियों का हार 3.नाजिर शेख - बेबी वॉकर
4.अनवर हुसैन-अलमारी

**वार्ड नम्बर 02**
1.रेणु देवी- मोतियों का हार
2.दुर्गा कुमारी- बल्ला
3.अनीता बसाक- बेबी वॉकर
4.अनबारा खातुन- अलमारी
5.सलीना बीबी- साइकिल पंप

**वार्ड नम्बर 03**
1.भारती साहा- बल्ला
2.नीरज घोष- बेबी वॉकर
3.रितेश साहा- मोतियों का हार
4.अरविंद साहा- अलमारी
5.सन्नी साहा-साइकिल पंप

**वार्ड नम्बर 04**
1.सोहर फुल बीबी- बेबी वॉकर
2.जहांनूर बीवी- अलमारी
3.बेगम हसीना जहांन- बल्ला

वार्ड 5 = मो मारूफ (निर्विरोध)

वार्ड नम्बर 6
1.गीता बर्मन- अलमारी
2.ललिता देवी- बेबी वॉकर

**वार्ड नम्बर 07**
1.आशुतोष विश्वास- अलमारी
2.उज्जवल हलदार- बल्ला
3.इति बर्मन- बेबी वॉकर
4.संगीता देवी-ब्लैक बोर्ड
5.प्रतिमा राय- साइकिल पंप
6.कविंद्र पासवान- मोतियों का हार
7.सूरज कुमार सुमन- डबल रोटी

**वार्ड नम्बर 08**
1.मों अजीरूद्दीन-अलमारी
2.जोली राय- बेबी वॉकर
3.नकुल बर्मन- बल्ला

**वार्ड नम्बर 09**
1.केशव सिंह- बेबी वॉकर
2.मुकेश कुमार मंडल- मोतियों का हार
3.तूफानी मंडल- बल्ला
4.अमीर कुमार मंडल- अलमारी

**वार्ड नम्बर 10**
1.रिंकी कुमारी- बेबी वॉकर
2.संतोषी देवी- बल्ला
3.पूनम पांडेय- अलमारी
4.शबनम खातुन- मोतियों का हार

**वार्ड नम्बर 11**
1.राजू सरकार- अलमारी
2.राजेश राय- बेबी वॉकर

**वार्ड नम्बर 12**
1. अब्दुल कादिर- अलमारी
2.बरकत शेख- बेबी वॉकर

वार्ड नम्बर 13
1.मीना बीवी- बेबी वॉकर
2.जाहिदा बीबी- अलमारी

वार्ड नम्बर 14 कफीरन बीबी,

## बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार

1.अर्पिता दास
2.बबिता देवी
3.रफत निसार
4.मीनाक्षी देवी
5.ललिता देवी
6.मिनती सरकार

बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार

वार्ड संख्या 01
निर्मला कुमारी
चांदनी कुमारी
उमावती देवी
रीता कुमारी पासवान

वार्ड =2
मोहम्मद रेजाउल हक मंसूरी
जितेंद्र कुमार
लखन महतो

वार्ड = 3
निताई सरकार
मोहम्मद फारुख शेख
आफताब अंसारी
अमित भारती
नीरज कुमार जैन

वार्ड 4
अजय कुमार गुप्ता
राजकुमार भगत

वार्ड =5
जयराम पासवान
डोली कुमारी
सुधांशु कुमार रजक
शक्ति मंडल

वार्ड = 6
सबीना बीवी
मोनी कुमारी
श्रीति दास

**वार्ड 7**
इनामल शेख
आकाश अंसारी
सनाऊल शेख
शुभेन्द दास
रसीद शेख

वार्ड =8
मौमिता चौधरी
शहनाज आरा
गुल बानो खातून
सिंधु रानी दास
केया सिंह

वार्ड =9
निखत प्रवीन
सीमा बीवी
शोभा कुमारी भगत

**वार्ड = 10**
वजीद अली
मोहम्मद शकील परवेज
छोटेलाल रमानी
संजय रवानी
भोला प्रसाद गुप्ता

वार्ड = 11
निशा रानी
योगिता देवी

वार्ड =12
संतोष भगत
आलो देवी
संतोष महतो
विश्वजीत शर्मा
राकेश भगत
राजू सेन
नटवर कुमार

**वार्ड = 13**
नमिता देवी
सुमन कुमारी

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मधुपुर**
**बेलपाड़ा,मधुपुर,अनुमंडल कार्यालय के नजदीक (देवघर), पिन कोड– 815353,**
**ई0 मेल :– eedwsd.madhupur1@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

आसन्न ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में सम्भावित पेयजल संकट को देखते हुए पेयजल समस्या से निबटने हेतु इस प्रमंडल के क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में एक नोडल पदाधिकारी को निम्न स्वरूव नामित किया जाता है। जिनके मोबाईल नं0 पर ग्रामीण का शिकायत दर्ज नही होने पर ग्रामीण अपना शिकायत संबंधित सहायक अभियंता के मोबाईल नं0 पर दर्ज करायेंगे।

| क0 सं0 | प्रखंड का नाम | क्षेत्र के सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | मोबाईल नं0/ दूरभाष सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मधुपुर (ग्रामीण) | श्री आशुतोष कुमार सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–1, मधुपुर। मो0 नं0–8873115196 | श्री चन्दन कुमार कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा सं0–2 (ग्रामीण) मधुपुर। | 9060535260 | |
| | | | श्री अमरेन्द्र कुमार कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा सं0–2 बुढ़ई। | 8210363923 | |
| 2 | करौं | श्री अशोक कुमार दास सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, मधुपुर। मो0 नं0–6201757090 | श्री हसन अख्तर कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा– करौं। | 9540199364 | |
| 3 | मारगोमुण्डा | | श्री आशीष कुमार कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा– मारगोमुण्डा। | 8770132625 | |
| 4 | सारठ | श्री आशुतोष कुमार सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सारठ। मो0 नं0–8873115196 | श्री दिलीप मंडल कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा सं0–1, सारठ। | 8789271703 | |
| | | | श्री अजित कुमार रविदास कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा सं0–2, सारठ। | 6204200339 | |
| 5 | पालोजोरी | | श्री राजकिशोर महतो कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा पालोजोरी। | 9608511501 | |

नोटः–उपर्युक्त मोबाईल नं0 पर शिकायत दर्ज नही होने की स्थिति में ग्रामीण अपना शिकायत मधुपुर मुख्यालय में दूरभाष संख्या– 8809025317 पर दर्ज करा सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मधुपुर

PR 373703 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

# निकाली गई श्री श्याम महोत्सव को लेकर भव्य निशान यात्रा



**संवाददाता**

साहिबगंज-साहिबगंज नगर के पुरूषोत्तम गली स्थित श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम भक्त मंडल साहिबगंज का 49 वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव गुरूवार 26 फरवरी से शुरू हो गया. यह कार्यक्रम 26 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा.कार्यक्रम के पहले दिन श्री श्याम भक्तों के द्वारा गाजे बाजे के साथ भक्तिमय वातावरण में भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गयी. शोभा यात्रा स्थानीय सत्संग भवन से निकाल कर नगर भ्रमण कराया गया. निशान यात्रा में श्री खाटू श्याम का निशान लिये सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरूष, युवक-युवतियां चल रही थी. सभी खाटू श्याम के भजनों पर जमकर नृत्य करते हुए एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी मना रहे थे. निशान यात्रा में श्री खाटू श्याम की तस्वीर को सजा कर झांकी निकली थी.

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)**
**–सह–उपायुक्त का कार्यालय, देवघर।**
(परिवहन कोषांग)

सूचना सं०–35/परि०को०    दिनांक–26/02/2026

**अधिग्रहित वाहनों के स्वामियों के लिए अति आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका आम चुनाव, 2026 के दौरान आपके वाहन को अधिग्रहित करते हुए निर्वाचन कार्य हेतु उपयोग में लाया गया था। निर्वाचन कार्य में उपयोग किये गए वाहन का किराया राशि का भुगतान आपके बैंक खाता में किया जाना है। जिन वाहन स्वामियों द्वारा अबतक लॉगबुक एवं बैंक खाता संख्या/आई0एफ0एस0सी0 कोड उपलब्ध नहीं कराया गया है, वे दिनांक 01.03.2026 तक परिवहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय, देवघर) में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आप सभी को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन कार्य में उपयोग किए गए अपने वाहन का लॉगबुक के साथ बैंक पासबुक की स्पष्ट छाया प्रति कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। अगर निर्धारित तिथि तक आपके द्वारा लॉगबुक जमा नहीं किया जाता है तो आपके वाहन का किराया की शेष राशि का भुगतान करना संभव नहीं होगा। इसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

ह०/–
नोडल पदाधिकारी
परिवहन कोषांग–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
देवघर।

PR 373690 Deoghar(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर**
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन के बगल में, देवघर
ई-मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

देवघर जिला अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर अतंर्गत विभिन्न प्रखंडों के सभी ग्रामीण बसावट में साधरण मरम्मति के कारण बंद नलकूपों, बंद पाइप जलापूर्ति का अनुश्रवन हेतु प्रमंडलीय कार्यालय में पूरे ग्रीष्म काल तक के लिए नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष तत्काल प्रभाव से पूरे ग्रीष्म काल तक प्रभावी रहेगा। प्रमंडल में ड्रिल्ड नलकूपों को साधारण मरम्मति, पाईप जलापूर्ति योजना से सम्बधित समस्याओं के निवारण हेतु प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक पूरे ग्रीष्म ऋतु तक दिये गये फोन नम्बर एवं मोबाईल नम्बर पर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है :–

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | संबंधित कनीय अभियंता/ कर्मचारी का नाम / पदनाम | मोबाईल नम्बर | संबंधित पदाधिकारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देवघर | श्री सुमित कुमार सिंह, कनीय अभियंता | 7717799510 | श्री सुमित कुमार साव, सहायक अभियंता | 7004882049 |
| | | श्री चन्द्रशेखर कु0 सिंह, कनीय अभियंता | 8017633738 | | |
| 2. | देवीपुर | मो0 जैनुल हक, कनीय अभियंता | 9852302768 | | |
| 3. | मोहनपुर | श्री आकाश वर्मा, कनीय अभियंता | 8709412804 | श्री नीलम कुमार, सहायक अभियंता | 7992330456 |
| | | श्री लोपो देवगम, कनीय अभियंता | 8877152854 | | |
| 4. | सरावाँ | श्री शैलेश सुमन, कनीय अभियंता | 7808816500 | | |
| | | श्री चन्दन कुमार, कनीय अभियंता | 8292839891 | | |
| 5. | सोनारायठाढ़ी | श्री लक्ष्मी नारायण सिंह, कनीय अभियंता | 7979764218 | | |
| | | श्री सानु संगम, कनीय अभियंता | 8295843807 | | |
| 6. | प्रमंडलीय नियंत्रण कक्ष (06432-355005) | श्री सुकेश कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक | 8987530703 | | |
| | | श्री प्रभु दयाल सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक | 7667473741 | | |

**नोट** :– राज्य स्तर पर चापाकल मरम्मति से संबंधित शिकायत के निवारण हेतु एक Web based call center संचालित है जिसका Toll Free No- 1800-3456502, Mobile Number / WhatsApp Number-9470176901 एवं Email ID-callcentredwsd.jharkhand@gmail.com है।

(संजय प्रसाद)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 373689 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0-1, दुमका**
E-mail I.D- eedwsd.dumka1@gmail.com

**आम सूचना**

एतदु द्वारा दुमका जिला अन्तर्गतप्रखण्ड काठीकुण्ड/गोपीकान्दर/शिकारीपाड़ा/ एवं रानेश्वर के ग्रामीणों को सूचित किया जाता है आगत ग्रीष्म ऋतु–2026 को देखते हुए उक्त क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–01, दुमका के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। आपके ग्राम/टोलों में साधारण मरम्मति हेतु बंद ड्रिल्ड नलकूपों/पाईप जलापूर्ति योजना एवं इस विभाग द्वारा निर्मित सोलर आधारित जलापूर्ति योजना से सम्बन्धित समस्या का निदान हेतु नोडल पदाधिकारीश्री योगेन्द्र हेम्ब्रम, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल काठीकुण्ड/दुमका–1 मो0–9801990401 एवं उनके अधीनस्त सदस्यों के रूप में श्री धीरज कुमार नि0व0लिपिक, (गोपीकान्दर, काठीकुण्ड) मो0–9507417128,श्री अनुप कुमार–II, नि0व0लि0(रानेश्वर)एवं सुश्री नलिनी प्रियादर्शनी नि0व0लि0 (शिकारीपाड़ा) नियंत्रण कक्ष में रहेंगे। वर्णित दुरभाष पर उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं में त्रूटि के निराकरण हेतु कार्य अवधि (10बजे पूर्वाह्न से 5बजे अपराह्न) में दर्ज करा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत को निराकरण हेतु प्रखंडों में पदस्थापित कनीय अभियंता एवं प्रत्येक प्रखण्ड के सम्बन्धित संवेदक जिनको नलकूप मरम्मति का कार्य आवंटित है का मोबाईल नम्बर नीचे अंकित है, जिनसे पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

| क0 | नाम | पदनाम | कार्य क्षेत्र/प्रखण्ड का नाम | मोबाईल नम्बर | संवेदक का नाम एवं मोबाईल नम्बर जिन्हे नलकूप मरम्मति संबंधी कार्य आवंटित हैं। |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री विवेक कुमार | कनीय अभियंता प्रशाखा–गोपीकान्दर | गोपीकान्दर, | 8709952808 | शांती कन्सट्रक्शन–8863076269,7762814799, (काठीकुण्ड,गोपीकान्दर) |
| 02 | श्री रौनक कुमार | कनीय अभियंता प्रशाखा–काठीकुण्ड | काठीकुण्ड | 7903495010 | |
| 03 | श्री चाँद कुमार हेम्ब्रम | कनीय अभियंता प्रशाखा–रानेश्वर | रानेश्वर | 7292873294 | श्री प्रेम कुमार–8809944770 (रानेश्वर) |
| 04 | श्री सोनु कुमार | कनीय अभियंता प्रशाखा– शिकारीपाड़ा | शिकारीपाड़ा | 9771358004 | संजीव हॉसदा–9973145446, (शिकारीपाडा) |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं0–01, दुमका


PR 373671 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गोड्डा।**

दिनांक–27.02.2026 को गोड्डा में हुए नगरपालिका चुनाव–2026 को मतगणना केन्द्र, मोतिया ओ0पी0 अन्तर्गत पोलिटेकनिक कॉलेज में प्रस्तावित है। मतगणना के दिन उक्त मुख्य मार्ग पर कार्यकर्ताओं, उम्मीदवारों एवं मतगणना कर्मियों की काफी भीड़ होने की संभावना है, जिस गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग में यातायात व्यवस्था बाधित होने की प्रबल संभावना है और विधि–व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर रखते हुये गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग का पोलिटेकनिक कॉलेज से पूर्व आई0टी0आई0 के पास अडाणी मोड़ से बाँये मुड़कर मोतिया ओ0पी0 होते हुए ग्राम मोतिया से होकर डुमरिया मोड़ पर गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग में निकास द्वार करने की आवश्यकता है। साथ ही गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग का रूट डायवर्सन (मार्ग परिवर्तन) पोलिटेकनिक कॉलेज से पूर्व आई0टी0आई0 मोड़ के पास अडाणी मोड़ से बाँये मुड़कर मोतिया ओ0पी0 होते हुए ग्राम मोतिया से होकर डुमरिया मो पर गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग में निकास करने हेतु आदेशित करने एवं विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः गोड्डा नगरपालिका चुनाव–2026 के मतगणना के मद्देनजर गोड्डा से भागलपुर जाने वाली मुख्य मार्ग को दिनांक–27.02.2026 को 01 (एक) दिन के लिए रूट डयवर्सन (मार्ग परिवर्तन) करने एवं विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक** :– यथोपरि।



PR 373668 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक, गोड्डा।

